सतना
06 दिसंबर 2025 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



सुनील नरेन के टी 20
@ पेज 7

## पैसेंजर्स की सुरक्षा की कीमत पर इंडिगो को राहत

# सरकार ने वीकली रेस्ट नियम वापस लिया; अब फ्लाइट क्रू को 48 नहीं, 36 घंटे ही रेस्ट मिलेगा





**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1200 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया।

इंडिगो का दावा है कि इस नियम की वजह से पायलटों और अन्य स्टाफ की कमी हुई थी और पूरा ऑपरेशन प्रभावित हुआ। इसे दुरुस्त करने समय लगेगा। DGCA ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियम, फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) का दूसरा फेज लागू किया था। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ था। FDTL के दूसरे फेज के नियमों में, एयरलाइन कंपनियों के लिए पायलटों को हफ्ते में 48 घंटे आराम, यानी दो दिनों का वीकली रेस्ट देना अनिवार्य कर दिया था। इस दौरान किसी छुट्टी को वीकली रेस्ट गिनने पर रोक लगा दी थी। DGCA ने पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के लगातार नाइट शिफ्ट पर भी पाबंदी लगाई थी। नए नियमों में वीकली रेस्ट और छुट्टियों को अलग-अलग मानने का प्रावधान था। यह नियम पायलटों और अन्य क्रू के थकान को कम करने के लिए बनाया गया था। हालांकि, अब क्रू को पहले की तरह हर हफ्ते में लगातार 36 घंटे का आराम मिलेगा।

### इंडिगो संकट को लेकर राहुल और प्रियंका गांधी का तंज

## इंडिगो की नाकामी इस सरकार के मोनोपॉली मॉडल की कीमत



देश की सबसे बड़ी एयरलाइन विमानन कंपनियों में से एक इंडिगो अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। गुरुवार को अबतक 550 से ज्यादा घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद्द कर दी गई। साथ ही अगले कुछ दिनों में और उड़ानें रद्द होने की आशंका है। हालांकि, एयरलाइन सोमवार से अपनी उड़ानों की संख्या में कटौती करने जा रहा है। वहीं इसे लेकर राहुल गांधी का गुस्सा फूटा है उन्होंने ट्वीट कर लिखा है– इंडिगो की नाकामी इस सरकार के मोनोपॉली मॉडल की कीमत है। एक बार फिर, आम भारतीय ही इसकी कीमत चुका रहे हैं – देरी, कैंसलेशन और लाचारी के रूप में। भारत हर सेक्टर में सही कॉम्पिटिशन का हकदार है, मैच–फिक्सिंग मोनोपॉली का नहीं।

वहीं इंडिगो फ्लाइट कैंसिल पर प्रियंका गांधी का बड़ा बयान सामने आया है उन्होंने कहा कि देश में मोनोपॉली है,ऐसा नही होना चाहिए, पूरे देश में हर चीज़ कुछ लोगों तक सीमित है ये लोकतंत्र और देश के लिए ठीक नही है। दिल्ली इंडिगो की फ्लाइट्स में देरी और कैंसलेशन पर कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, यह बड़ा गंभीर विषय है...यात्री परेशान हैं...इस समस्या का निराकरण तुरंत होना चाहिए...मैं नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से कहूंगा कि तत्काल इस पर आपात बैठक बुलाएं क्योंकि हजारों यात्री फंसे हुए हैं... इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्द होने पर टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने कहा– ये एक लूटने वाली एयरलाइन है। गौर हो कि इंडिगो की उड़ानें पिछले तीन दिनों से लगातार रद्द हो रही हैं और रोजाना आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है।

### शस चीखा- बेटी को पैड चाहिए, लड आ रहा

## अपने रिसेप्शन में कपल ऑनलाइन शामिल हुआ; इंडिगो फ्लाइट कैंसिल, एयरपोर्ट पर सूटकेस का ढेर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रू मेंबर की कमी का सामना कर रही इंडिगो एयरलाइन ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी है। कई जगह परेशान पैसेंजर्स ने जमकर हंगामा किया। एयरपोर्ट पर सूटकेस के ढेर पड़े हैं। फ्लाइट का इंतजार कर रहे लोगों ने जमीन पर रात गुजारी। फ्लाइट कैंसिल होने के चलते कर्नाटक के हुबली का एक कपल अपने ही रिसेप्शन में ऑनलाइन शामिल हुआ। इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक परेशान पिता इंडिगो स्टाफ पर चीखा- सिस्टर, मेरी बेटी को सेनेटरी पैड चाहिए। उसे ब्लीडिंग हो रही है।

## पंजाब में रेलवे ट्रैक पर किसानों की पुलिस से झड़प

### जालंधर में स्टेशन पहुंचने से पहले डिटेन, नेताओं को छोड़ने पर अड़े किसान



**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर शनिवार को कई जिलों में रेलवे ट्रैक जाम किए। अमृतसर, जालंधर, फिरोजपुर और लुधियाना समेत कई जगह किसानों ने ट्रैक पर बैठकर धरना दिया। फिरोजपुर में ट्रैक पर बैठे किसानों की पुलिस से हल्की झड़प भी हुई। जालंधर में पुलिस ने कई किसानों को डिटेन किया, जबकि लुधियाना में भारी पुलिस तैनाती के चलते ट्रैक बाधित नहीं होने दिया गया।

अमृतसर के देवीदास पुरी में किसान बड़ी संख्या में जुटे और ट्रैक जाम कर दिया। फिरोजपुर में भी इसी तरह सैकड़ों किसान रास्ता रोककर बैठे रहे, जिसके कारण कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा।

## सुप्रीम कोर्ट बोला– मंदिर का चढ़ावा भगवान की संपत्ति,बैंक इसे लौटाए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मंदिर में चढ़ा हर एक रुपया भगवान की संपत्ति है और इका उपयोग किसी को–ऑपरेटिव बैंक की आर्थिक हालत सुधारने के लिए नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट केरल के को–ऑपरेटिव बैंकों की याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था, जिसमें बैंकों ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। स्ष्ट ने ये याचिकाएं खारिज कर दीं। हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि बैंक तिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम् को एफडी की रकम दो महीने के भीतर लौटाएं।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई की। CJI ने बैंकों के वकीलों से पूछा– क्या आप मंदिर का पैसा बैंक बचाने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं? कोर्ट ने कहा– यह धन सुरक्षित और भरोसेमंद राष्ट्रीयकृत बैंक में रखा जाना चाहिए, जहां मंदिर को ज्यादा ब्याज भी मिले। बैंक पैसा लौटाने का समय सीमा बढ़ाने के लिए हाईकोर्ट से अनुरोध कर सकते हैं।

# मोदी बोले- भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह अटल, रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देंगे



पुतिन ने राजघाट जाकर गांधी को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने भारत और रूस के बीच दोस्ती को ध्रुव तारे की तरह स्थिर बताया है। उन्होंने कहा,पिछले 8 दशकों में दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मानवता को कई तरह की चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। लेकिन इन सबके बीच भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह हमेशा अटल और स्थिर बनी रही है।

मोदी ने रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देने का ऐलान किया। वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बिना रुकावट के तेल की सप्लाई जारी रखने का ऐलान किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदे का ऐलान नहीं हुआ, जबकि इसकी उम्मीद की जा रही थी।

इसके बावजूद कई अहम घोषणाएं हुई, जिनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और MoU साइन किए गए। पुतिन ने पीएम मोदी के नेतृत्व की तारीफ कीपुतिन ने पीएम मोदी की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और स्वायत्त नीति अपना रहा है और इसके अच्छे नतीजे भी मिल रहे हैं।पुतिन ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' जैसी पहल को भारत की आर्थिक सफलता की बड़ी वजह बताया। पुतिन ने कहा कि इन नीतियों की वजह से भारत तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बन रहा है और आईटी व दवा उद्योग में भारत दुनिया में अग्रणी स्थान पर पहुंच चुका है।

### पुतिन बोले- बिना रुकावट तेल सप्लाई करेंगे



### मोदी बोले- पर्यटन से भारत-रूस साझेदारी को नई ऊंचाई मिलेगी

प्रधानमंत्री ने बताया कि आज दोनों देशों के नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, टूर ऑपरेटर्स के लिए नए व्यवसाय के अवसर खुलेंगे और रोजगार के नए रास्ते बनेंगे। मोदी ने कहा कि आज भारत और रूस इनोवेशन, को–प्रोडक्शन और को–क्रिएशन की नई यात्रा शुरू कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता की भलाई सुनिश्चित करना है। इसके लिए वैश्विक चुनौतियों के स्थायी समाधान विकसित करने होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, आइए, मेक इन इंडिया करें, भारत के साथ साझेदारी करें और मिलकर दुनिया के लिए कुछ बड़ा बनाएं।

### पुतिन बोले– हम सिर्फ तेल–गैस पर बात करने भारत नहीं आए

इंडिया–रूस बिजनेस फोरम में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि रूस भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहता है। पुतिन के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार निजी बातचीत में कहा है कि भारत में कई सेक्टर में बड़ी संभावनाएं हैं, लेकिन दोनों देशों ने इनका पूरा फायदा अभी तक नहीं उठाया है। पुतिन ने कहा कि यही वजह है कि इस बिजनेस फोरम का आयोजन किया गया है, ताकि दोनों देश नए क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ा सकें और मौकों का बेहतर इस्तेमाल कर सकें।

### भारत-रूस के बीच हुए अहम समझौते

- **ऊर्जा सहयोग** :रूस ने भरोसा दिलाया कि वह भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए लगातार और बिना रुकावट ईंधन की सप्लाई करता रहेगा।
- **उद्योगिक साझेदारी** :भारतीय कंपनियों ने रूस की RALCHEM के साथ एक यूरिया प्लांट रूस में ही स्थापित करने का समझौता किया।
- **फूड सेफ्टी** :भारत की FSSAI और रूस की उपभोक्ता सुरक्षा एजेंसी के बीच खाद्य सुरक्षा नियमों को मजबूत करने के लिए औपचारिक समझौते हुए।
- **हेल्थकेयर सहयोग** :मेडिकल रिसर्च और हेल्थ सर्विस में सहयोग बढ़ाने के लिए कई MoU साइन किए गए।
- **समुद्री लॉजिस्टिक्स** :बंदरगाह और शिपिंग ऑपरेशन में भारत–रूस के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर हुए।
- **माइग्रेशन और मोबिलिटी** :दोनों देशों ने लोगों की आवाजाही को आसान बनाने और माइग्रेशन प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए समझौते किए।

### रूस में पढ़ाई के लिए भारतीय छात्रों का रास्ता आसान

दिल्ली में रसियन एजुकेशन एजेंसी का पहला ऑफिस खोला गया है। यह एजेंसी सिनर्जी कॉर्पोरेशन और इन्नोप्राक्टिका इंडिया का जॉइंट प्रोजेक्ट है। इसका मकसद भारतीय छात्रों को हायर एजुकेशन के लिए रूस में ज्यादा से ज्यादा मौके देना है। इन्नोप्राक्टिका की फर्स्ट डिप्टी ष्टश्वह्र नतालिया पोपोवा ने कहा कि अब ज्यादा भारतीय छात्र रूसी शिक्षा की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने बताया कि भारत से कई छात्र पहले भी रूस में पढ़ाई कर चुके हैं और सफल करियर बना चुके हैं। नतालिया पोपोवा के मुताबिक, रूस में पढ़ने वाले भारतीय छात्र आगे चलकर दोनों देशों की इनोवेशन और टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के बीच पुल का काम कर सकते हैं और हाई–टेक कंपनियों को एक साथ जोड़ने में मदद करेंगे।

### गुजरात की लिस्ट में 17 लाख से ज्यादा मृत वोटर

## बंगाल सीएम ममता बोलीं- एसआईआर की घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा हिंदू हैं





**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) से पता चला है कि राज्य की मौजूदा वोटर लिस्ट में 17 लाख से ज्यादा ऐसे वोटर शामिल हैं, जिनकी मौत हो चुकी है। यह जानकारी चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने जारी की है।

रिलीज के मुताबिक पिछले एक महीने में रजिस्टर्ड पांच करोड़ से ज्यादा वोटरों को फॉर्म बांटे गए हैं। 33 जिलों में, 100% काम पूरा हो चुका है। लौटे हुए फॉर्म को डिजिटाइज करने का काम जारी है। इधर, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने SIR को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि इससे जुड़ी घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा हिंदू हैं।

मुर्शिदाबाद में रैली के दौरान बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले धार्मिक राजनीति कर रही है, वह उसी डाल को काट रही है, जिस पर बैठी है।

**30 लाख वोटर्स ने छोड़ा गुजरात :** 6.14 लाख से ज्यादा वोटर अपने पते से गायब पाए गए। यह देखा गया है कि 30 लाख से ज्यादा वोटर हमेशा के लिए चले गए हैं। BLO को 3.25 लाख से ज्यादा वोटर रिपीटेड कैटेगरी में मिले, जिसका मतलब है कि उनके नाम एक से ज्यादा जगहों पर थे।

### ममता का दावा– बंगाल में नहीं बनने देंगे डिटेंशन सेंटर

सीएम ममता ने सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की बताई और एसआईआर फॉर्म न भरने को लोगों की एकजुटता बताया। उन्होंने कहा कि बंगाल में एनआरसी या डिटेंशन होम की अनुमति नहीं दी जाएगी। बनर्जी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने एआई के दुरुपयोग और फर्जी बयानों पर भी चिंता जताई।

## धीरेंद्र शास्त्री बोले– भारत में जहां बुलाएंगे, वहां गीता पाठ करेंगे

### देशद्रोही थोड़े हैं, सनातन के काम करने वाले हैं,पश्चिम बंगाल भी हमारा है



**जयपुर, एजेंसी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- भारत में जहां भी बुलाया जाएगा, वहां गीता पाठ करेंगे। हम देशद्रोही थोड़े ही हैं। सनातन के काम करने वाले हैं, हर जगह जाते हैं। पश्चिम बंगाल भी हमारा है। विपक्ष का आरोप है कि शास्त्री अक्सर वहीं जाते हैं, जहां चुनाव होते हैं। इस पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- हम किसी राजनीतिक दल के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए हमारा कोई राजनीतिक विपक्ष नहीं है। बाकी दृष्टि आपकी है। बंगाल में बाबरी विवाद को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा- वहीं जाकर बोलेंगे, खबर आप तक आ जाएगी। मुस्कराते हुए आगे कहा- ये राजनेताओं के काम हैं।

### पान मसाला-सिगरेट पर नया टैस लगेगा

## वित्त मंत्री बोलीं- इसका इस्तेमाल नेशनल सिक्योरिटी में होगा, जिससे कारगिल जैसे हालात में बजट कम ना हो



हमने इनकम टैक्स और जीएसटी में छूट को बढ़ाया– वित्त मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी।

लोकसभा में शुक्रवार को हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई। आर्मी जनरलों ने बताया था कि 1990 के दशक की शुरुआत से बजट की कमी की वजह से आर्मी के पास सिर्फ 70-80% ऑथराइज़्ड हथियार, गोला-बारूद और इक्विपमेंट थे। हम नहीं चाहते कि भारत में वह स्टेज फिर कभी वापस आए। वित्त मंत्री ने बिल पेश करते हुए कहा कि सेस किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक वस्तुओं पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों पर बोझ डाले बिना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जरूरी चीजों के लिए फंड मिले।

### हनुमान बेनीवाल बोले– सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं, उन पर रोक लगाएं



हनुमान बेनीवाल सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की। बेनीवाल ने सरकार से पूछा कि आप पान मसाला महंगा करने जा रहे हैं, गुटखा और पान मसाले का सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं। इसके खिलाफ सरकार क्या कर रही है। कांग्रेस के सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि इसे समझना मुश्किल है। ऐसे क्लॉज PMLA में देखने को मिले थे।

## एच-1 बी वीजा सोशल मीडिया अकाउंट की जांच के बाद मिलेगा,15 दिसंबर से लागू होगा नया नियम

### भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच–1बी वीजा नियमों में सख्ती के आदेश दिए हैं। एच–1बी आवेदकों को अपना सोशल मीडिया अकाउंट सार्वजनिक करना होगा, ताकि अमेरिकी अधिकारी आवेदक की प्रोफाइल, सोशल मीडिया पोस्ट और लाइक्स को देख सकें। यदि आवेदक की कोई भी सोशल मीडिया एक्टिविटी अमेरिकी हितों के खिलाफ दिखी तो एच–1बी वीजा जारी नहीं किया जाएगा। एच–1बी के आश्रितों (पत्नी, बच्चों और पेरेंट्स) के लिए एच–4 वीजा के लिए भी सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करना जरूरी होगा। ऐसा पहली बार है, जब एच–1बी वीजा के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच जरूरी की गई है।

# इस साल 10,000 भारतीय छात्रों को मिलेगा रूसी विवि में दाखिला

## दिल्ली में खुली पहली रशियन एजुकेशन एजेंसी



**दिल्ली, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के साथ ही सिनर्जी कॉर्पोरेशन और इनोप्रैक्टिका डॉट इंडिया ने संयुक्त प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली में रशियन एजुकेशन एजेंसी खोली है। इस साल 10 हजार छात्रों को रूसी विश्वविद्यालयों में दाखिला दिलाने की योजना है। इसका मकसद, भारत-रूस के बीच पुराने संबंधों को मजबूत, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, वैज्ञानिक व सामाजिक संबंध विकसित करने और भारतीय छात्रों को रूस में उच्च शिक्षा दिलवाने में सहयोग करना है। यह शाखा यूनिवर्सिटी के आवेदनकर्ताओं के लिए स्पोर्ट सेंटर के तौर पर काम करेगी। साल 2026 में मुंबई और चेन्नई में इसकी शाखा खोली जाएंगी।

सिनर्जी कॉर्पोरेशन के प्रेजीडेंट, वादिम लोबोव ने कहा, यहां पर यूनिवर्सिटी व अध्ययन का प्रोग्राम चुनने, एडमिशन प्रक्रिया, वीजा हासिल करने समेत अन्य जरूरी पेपरवर्क पूरा करने में मदद मिलेगी। इससे भारतीय छात्रों को रूस में उच्च शिक्षा पाने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। यह अंतरराष्ट्रीय अकादमिक उत्कृष्टता की नींव पर अपना भविष्य बना सकेंगे। दरअसल, रूस से उच्च शिक्षा हासिल करने वाले युवा आज दोनों देशों की संस्कृतियों के बीच मित्रता दूत का काम कर रहे हैं। एजेंसी ने कई रूसी यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी की है।

# प्रदूषण-सफाई में की लापरवाही तो नौकरी और प्रमोशन पर खतरा




**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अब प्रदूषण और सफाई में लापरवाही करने वाले सरकारी कर्मचारियों की खैर नहीं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साफ कर दिया है कि जिलों के डीएम को अधिकार दिया जा रहा है कि जो भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी लापरवाही करेंगे, उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) खराब कर सकते हैं। यानी उनकी नौकरी, तरक्की और प्रमोशन पर सीधा खतरा होगा। साथ ही हर दिन प्रदूषण नियंत्रण के काम की समीक्षा होगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

बृहस्पतिवार को लोकनिवास में हुई उच्चस्तरीय बैठक में ये सख्त फैसले लिए गए। बैठक में शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा और तमाम विभागों के बड़े अधिकारी मौजूद रहे। उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि धूल और कचरा ही दिल्ली के प्रदूषण के सबसे बड़े कारण हैं, इन्हें हर हाल में काबू करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, पिछली सरकार ने सड़कें न बनाई, न मरम्मत कराई, इसलिए आज धूल का इतना बड़ा संकट है। अब हम स्थायी हल निकालेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक रिव्यू कमेटी बनाई गई है जो रोजाना प्रदूषण नियंत्रण के कामों की समीक्षा करेगी। इसके आदेश सभी विभागों के लिए मानना जरूरी होगा।

डीडीए को निर्देश दिए गए हैं कि उनकी खाली जमीनों से कचरा-मलबा तुरंत हटाएं और दोबारा डंपिंग न होने दें। एमसीडी को कहा गया है कि पूरे शहर में जोरदार सफाई अभियान चलाएं और धूल दबाने के सारे तरीके अपनाएं। प्रदूषण के हॉटस्पॉट पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया जा रहा है। आईटीओ में लगा पायलट प्रोजेक्ट कामयाब रहा, मुख्यमंत्री ने खुद इसका मुआयना किया। अब इसे पूरे दिल्ली में फैलाने की योजना है। लापरवाही की सजा तय है। डीपीसीसी को आदेश है कि सफाई में कोताही करने वाले सरकारी विभागों के खिलाफ चालान काटें।

बिना परमिशन सड़क काटने या गड्ढे न भरने पर एफआईआर होगी और जिम्मेदारी विभाग के प्रमुख की होगी। न सरकारी कर्मचारी बख्शा जाएगा, न निजी एजेंसी। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार का मकसद सिर्फ आज नहीं, आने वाली पीढ़ियों के लिए भी साफ हवा सुनिश्चित करना है। इसके लिए जनता का साथ भी जरूरी है।

# मोबाइल लूटने के लिए दिल्ली में युवक को चाकुओं से गोदा, ठंड में 8 घंटे तड़पता रहा कैब चालक; मौत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के निजामुद्दीन थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट के लिए बुधवार रात 11 बजे के करीब तीन नाबालिग समेत चार आरोपियों ने कैब चालक रामसिंह (28) को चाकुओं से गोद दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और 7-8 घंटे तक सर्दी में खुले आसमान के नीचे लहुलूहान पड़े रहे। किसी ने पुलिस को सूचना नहीं दी और न ही अस्पताल पहुंचाया। युवक ने वहीं तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। जानकारी के बाद पुलिस ने राम सिंह के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल में रखवाकर उनके परिजनों को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने आनन-फानन में कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिग आरोपी व एक बालिग आरोपी इमरान को पकड़ा है। इमरान के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने आरोपियों को पकड़ने की पुष्टि की है।

**अयोध्या के रहने वाले थे रामसिंहः** पुलिस के अनुसार अयोध्या, यूपी निवासी रामसिंह दिल्ली में कैब चलाता था। टैक्सी उसकी खुद की थी। वह इतना गरीब था कि रात को टैक्सी में ही सोता था। रात 11 बजे के बाद वह बारापूला के पास निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर नाले के पास शौच को गया था। यहां पर उसे चारों आरोपियों ने पकड़ लिया और उसका मोबाइल लूटने लगे। विरोध किया तो उस पर चाकू से करीब 7 से 8 बार वार कर दिए। आरोपी उसका मोबाइल, पैसा लूटकर वहां से भाग गए। बृहस्पतिवार सुबह करीब किसी राहगीर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस जब तक पहुंची तब तब मृतक राम सिंह की मौत हो चुकी थी।

**सीसीटीवी कैमरे से हुई आरोपियों की पहचानः** जिला पुलिस उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन सेल की टीमों को लगाया। ऑपरेशन सेल की टीमों ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो वह फुटेज में दिखे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अगर घायल का समय से पता लग जाता तो शायद उसकी जान बच जाती। निजामुद्दीन थाना पुलिस ने बालिग आरोपी इमरान को गिरफ्तार कर लिया। आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली में तमिलनाडु पुलिस की बस से भिड़ी कार, दोनों वाहनों में लगी आग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पश्चिमी जिले के हरि नगर स्थित दिल्ली हाट के समीप शुक्रवार सुबह तमिलनाडु पुलिस की एक बस और एक कार टकराने के बाद आग की चपेट में आ गई। हादसे में दोनों वाहन पूरी तरह जल गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। पुलिस अधिकारी के अनुसार, पूर्वाह्न करीब 11:38 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल मिली कि सड़क पर एक बस में आग लग गई है। हरि नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहां पाया गया कि तमिलनाडु पुलिस की बस और उसके पीछे चल रही बलेनो कार दुर्घटनाग्रस्त हालत में खड़ी थीं और दोनों वाहन पूरी तरह जल चुके थे। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बलेनो कार ने पीछे से बस को टक्कर मारी, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। दुर्घटना के समय किसी के घायल होने या किसी प्रकार की मौत की सूचना नहीं है। मौके पर फॉरेंसिक टीम और क्राइम टीम को जांच के लिए बुला लिया गया है।

## दिल्ली में मोबाइल स्नैचर्स गैंग का भंडाफोड़, 103 मोबाइल बरामद

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पश्चिम जिले के अशोक विहार थाना पुलिस ने एक झपटमार व रिसीवर को गिरफ्तार किया है। आरोपित झपटमारी के फोन अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के जरिए नेपाल भी भेजता था। गैंग के दो मुख्य आरोपित किशन उर्फ किशोर उर्फ गोलू और मोहित उर्फ बादशाह के साथ दो अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 103 चोरी/छीने गए मोबाइल फोन, एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। उत्तर पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने शुक्रवार को बताया कि एक दिसंबर को फैक्ट्री में गार्ड का काम कर रहे गणेश दुबे का मोबाइल दो बदमाशों ने ब्लैक पल्सर बाइक पर आकर छीन लिया। शिकायत मिलते ही अशोक विहार थाने की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय जानकारी के आधार पर पुलिस ने पहले आरोपित किशन उर्फ गोलू को दबोचा। उसके कब्जे से देशी कट्टा, कारतूस और झपटा हुआ फोन बरामद हुआ। किशन के घर की तलाशी में 40 और मोबाइल फोन मिले। बाइक भी चोरी की निकली, जो कि केशवपुरम थाना क्षेत्र से गायब थी। इसके बाद किशन की निशानदेही पर पुलिस ने चार दिसंबर को उसके साथी मोहित उर्फ बादशाह को गिरफ्तार किया। मोहित के पास से भी एक चोरी का मोबाइल मिला। पूछताछ में पता चला कि दोनों फोन रोहित और अमित नामक रिसीवर को सप्लाई करते थे। उसी दिन पुलिस ने रोहित को भी दबोच लिया। उसकी और अमित की झुग्गी से 61 मोबाइल बरामद हुए।

**गैंग कैसे चलता था:**आरोपित पैदल चल रहे लोगों, मजदूरों व फैक्ट्री कर्मियों को निशाना बनाते थे। पुलिस की आंख में धूल झोंकने लिए चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाते थे। जांच में पता चला है कि चोरी किए गए मोबाइल में अक्सर मिलने वाले आसान पैटर्न/पिन–जैसे सीधी लाइन, रु ँ, रू ह्न शेप या 1234 जैसे नंबर का अंदाजा लगाकर फोन अनलॉक करते। अनलॉक होने पर यूपीआई, ई-वॉलेट,एसएमएस, बैंकिंग ऐप्स और ईमेल तक पहुंचकर लाखों के अनधिकृत लेनदेन कर डालते। बाद में मोबाइल को रोहित-अमित जैसे रिसीवर को देते, जहां से यह फोन नेपाल भेजे जाते थे। नेपाल में आईएमईआई बदलने व फ्लैशिंग के बाद इन्हें बेचा जाता था।

## हत्या की गुत्थी सुलझी, तीन नाबालिग समेत चार को पकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण पूर्वी जिले के हजरत निजामुद्दीन इलाके में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग समेत चार लोगों को पकड़ा है। युवक का शव बरापुला फ्लाईओवर के नीचे मिला था। पुलिस ने मृतक की कार, खून लगे कपड़े और वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। दक्षिण पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि तीन दिसंबर की सुबह पीसीआर को कॉल मिली कि हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास बरापुला फ्लाईओवर के नीचे एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में मृतक की पहचान कुलदीप उर्फ राम सिंह (27) के रूप में हुई। कुलदीप मूलतः जोरियाम गांव जिला अयोध्या (उप्र) के रहने वाले थे। उक्त ममले में हजरत निजामुद्दीन थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले की स्पेशल स्टाफ, एसटीएफ, नार्कोटिक्स स्क्वाड और चौकी सराय काले खां की संयुक्त टीम को लगाया गया। टीम ने आस-पास के 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसी दौरान भोगल स्थित जैन मंदिर के पास बने एक शौचालय का सीसीटीवी फुटेज हाथ लगा। जिसमें मृतक के साथ झगड़ा करते चार संदिग्ध दिखे। फुटेज व तकनीकी निगरानी के बाद आरोपितों की पहचान हुई। इसके बाद मुख्य आरोपित इमरान उर्फ पानवाड़ी (19) व उसके तीन नाबालिग को दबोचा गया।

# यमुनापार में टूटी लाइन, सर्दी में पानी के लिए लोगों में उबाल

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** पानी की लाइन टूटने से यमुना पार की तीन विधानसभाओं रोहतास नगर, बाबरपुर और गोकुलपुरी में दूसरे दिन भी पानी के लिए हाहाकार मचा। लोगों को मजबूरन पानी खरीदकर काम चलाना पड़ा। गंदे पानी की समस्या इन मुश्किल परिस्थितियों में उन पर दोहरा वार कर रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि पानी की किल्लत होने के बाद भी जल बोर्ड ने कॉलोनियों में समय पर पानी का टैंकर नहीं पहुंचाया। लोग हेल्पलाइन नंबर पर फोन करते रहें, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों ने बताया कि वह सर्दियों में दूसरे इलाके में जाकर बाल्टी, बोतल, वॉटर कूलर और ड्रम में पानी भरकर ला रहे हैं। लोगों को खाना बनाने से लेकर बर्तन धोने तक के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। वे बिना स्नान किए दफ्तर और स्कूल जा रहे हैं। उनका कहना है कि जल बोर्ड की ओर से जो पानी का टैंकर मुहैया कराया जा रहा है, वे उनके लिए पर्याप्त नहीं है। टैंकरों पर लग रही भीड़ ~ लोगों ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड के भेजे गए टैंकर कम हैं। ऐसे में टैंकरों के पास भारी भीड़ लग रही है।वहां किसी को पानी मिलता है।

# नोएडा में सबसे बड़ी साइबर ठगी... आर्किटेक्ट से 12 करोड़ रुपये लूटे

**नोएडा, एजेंसी।** साइबर जालसाजों ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर झांसा देकर आर्किटेक्ट से करीब 12 करोड़ की ठगी कर ली है। यह नोएडा में अब तक की सबसे बड़ी व्यक्तिगत साइबर ठगी है। जालसाजों ने एप डाउनलोड कराकर वारदात को अंजाम दिया। साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-47 निवासी आर्किटेक्ट व कंसल्टेंट इंजीनियर ने कहा कि 17 अक्तूबर को उनके पास कियारा शर्मा ने मैसेज किया था। खुद को इनवेस्टमेंट कंसल्टेंट बताने वाली कियारा ने शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा हासिल करने की बात कही थी। दोनों के बीच बातचीत हुई। पीड़ित उसकी बातों में आ गया। इस पर महिला ने आर्किटेक्ट को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। महिला ने पीड़ित को ग्रुप में जोड़कर उनके पास लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही एक एप डाउनलोड हो गया। करीब एक महीने बाद 17 नवंबर को उस ग्रुप से हटाकर उसे एक अन्य ग्रुप से जोड़ा गया। इसमें काफी लोग शेयर मार्केट में निवेश कर रहे थे। साथ ही पैसा लगाने के बाद हुए फायदे की स्क्रीनशॉट भी डाल रहे थे। इसके बाद उन्होंने भी दिए गए सुझाव के अनुसार इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया।

## ताइवान ने अपने क्षेत्र के आसपास 14 पीएलए विमानों और 5 पीएलए जहाजों की उड़ान देखी


**ताइपे [ ताइवान ] , एजेंसी।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को अपने क्षेत्र के आसपास पीएलए विमानों और 5 पीएलएएन जहाजों द्वारा 14 उड़ानें दर्ज कीं। एक्स पर एक पोस्ट में विवरण साझा करते हुए, एमएनडी ने कहा कि 14 में से 8 उड़ानें मध्य रेखा को पार कर गईं और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड में प्रवेश कर गईं। इस बीच, ताइपे टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, जो बिडेन प्रशासन के एक पूर्व अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के प्रति समर्थन व्यक्त किया है, क्योंकि उन्होंने संकेत दिया था कि जापान ताइवान की रक्षा में सहायता कर सकता है। उन्होंने बीजिंग की प्रतिक्रिया को अनुचित करार दिया। एली रैटनर, जो 2021 से इस वर्ष तक इंडो-पैसिफिक सुरक्षा मामलों के लिए सहायक रक्षा सचिव थे, ने कहा कि ताइवान के बारे में ताकाइची की टिप्पणी इस मामले पर जापान के आधिकारिक रुख को ही प्रतिध्वनित करती है।



ताइपे टाइम्स के अनुसार, 7 नवंबर को जापानी प्रधानमंत्री ने एक संसदीय बैठक के दौरान उल्लेख किया कि ताइवान पर चीनी हमले को जापान के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करने वाली स्थिति माना जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप सैन्य कार्रवाई की संभावना हो सकती है। माना जाता है कि ताकाइची दशकों में पहले जापानी नेता हैं जिन्होंने खुले तौर पर यह प्रस्ताव रखा है कि ताइवान जलडमरूमध्य में संकट के परिणामस्वरूप जापान की सैन्य भागीदारी हो सकती है। उनके बयान से चीन में गुस्सा भड़क उठा, जिसने जापान की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से कई जवाबी कार्रवाई की, जैसे जापान में यात्रा और अध्ययन के खिलाफ चेतावनी जारी करना और जापानी समुद्री खाद्य आयात को फिर से शुरू करने पर रोक लगाना। ओसाका में चीनी महावाणिज्य दूत जू जियान ने एक अब हटा दी गई सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि ताकाइची का सिर काट देना चाहिए।

## हम दुनिया में शांति ला रहे, रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की कोशिशों के लिए ट्रंप ने खुद की पीठ थपथपाई

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की अपनी कोशिशों के लिए खुद की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया में शांति ला रहा है। ट्रंप ने कहा हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। ट्रंप ने ये भी कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने हाल ही में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में संकेत दिए हैं कि वे युद्ध खत्म करना चाहते हैं।



**ट्रंप बोले- हम रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहेः** डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा, हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। हम अब तक आठ युद्ध रुकवा चुके हैं। अब हम एक और युद्ध रुकवाने की कोशिशों में जुटे हैं और वो है रूस-यूक्रेन युद्ध और हमें लगता है कि हम आखिरकार युद्ध रुकवाने में कामयाब होंगे। बीते हफ्ते 8000 सैनिक मारे गए। बीते महीने 27 हजार सैनिक मारे गए। हमें इसे रोकना होगा और हम इसे रोकने के लिए कड़ी मेहनत कर भी रहे हैं। वहीं रूसी राष्ट्रपति समझौता नहीं करेगा।

# निजी फोन पर गोपनीय सैन्य जानकारी साझा कर फंसे अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ, पेंटागन रिपोर्ट में बड़ा खुलासा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ एक बड़े विवाद में घिर गए हैं। पेंटागन के इंस्पेक्टर जनरल की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि हेगसेथ ने यमन में होने वाले एक सैन्य हमले की संवेदनशील जानकारी अपने निजी फोन और अनधिकृत मैसेजिंग ऐप सिग्नल पर साझा की थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम अमेरिकी सैनिकों और उनके मिशन के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता था।

रिपोर्ट में कहा गया कि हेगसेथ ने जिन जानकारियों को भेजा (जैसे हमले का समय और विमानों की संख्या) वह संवेदनशील थीं और दुश्मन देशों या हूती मिलिशिया के हाथ लगने पर अमेरिकी पायलटों का मिशन असफल हो सकता था।

**गलती सामने कैसे आई?:** पेंटागन जांच में पाया गया कि हेगसेथ के पास जानकारी डिक्लासिफाई करने का अधिकार था, लेकिन संवेदनशील सैन्य जानकारी निजी फोन पर साझा करना विभागीय नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। रिपोर्ट ने चेतावनी दी अगर यह जानकारी अमेरिकी विरोधियों के हाथ लग जाती, वे हमलों से बचने या पलटवार करने की स्थिति में आ जाते।

यह मामला तब उजागर हुआ जब अटलांटिक के पत्रकार जेफ्री गोल्डबर्ग को गलती से उसी सिग्नल चैट में जोड़ दिया गया जिसमें यह जानकारी साझा हुई थी। डेमोक्रेटिक और कई रिपब्लिकन सांसदों ने इस घटना को गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि अगर कोई निचले पद का अधिकारी ऐसा करता, तो उसे तुरंत बर्खास्त कर दिया जाता।

**हेगसेथ की सफाईः** सोशल मीडिया पर हेगसेथ ने अपने बचाव में लिखा कोई गोपनीय जानकारी नहीं थी। मामला खत्म। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सिर्फ अनक्लासिफाइड सारांश साझा किया था और इससे किसी की सुरक्षा को खतरा नहीं था।

### और भी विवादों में घिरे हैं हेगसेथ

हेगसेथ पहले ही कैपिटल हिल में सवालों के घेरे में हैं, जहां उन पर कैरेबियन सागर में एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करी वाली नाव पर की गई कार्रवाई में मौतों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कथित रूप से किल एवरीवन आदेश दिया था।

### न्यूयॉर्क टाइम्स ने पेंटागन पर किया मुकदमा

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने पेंटागन के खिलाफ अदालत का रुख किया है। अखबार का कहना है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा लागू किए गए नए मीडिया नियम असंवैधानिक हैं और इन्हें खत्म किया जाना चाहिए। इन नियमों की वजह से ज्यादातर बड़े मीडिया संगठनों को पेंटागन परिसर से बाहर कर दिया गया है। अखबार ने कहा कि ये नियम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और निष्पक्ष प्रक्रिया के अधिकार का उल्लंघन करते हैं, क्योंकि इससे हेगसेथ को यह अधिकार मिल जाता है कि वह अपने हिसाब से तय करें कि कौन सा पत्रकार पेंटागन में आ सकता है और कौन नहीं। न्यूयॉर्क टाइम्स और अन्य मीडिया संस्थान इन नियमों से सहमत न होने के चलते पेंटागन से बाहर हो गए। पेंटागन ने इस मुकदमे पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

## अमेरिका ने ड्रग तस्करी का आरोप लगा एक और नौका को बनाया निशाना, अब तक 22 हमलों में गई 87 की जान



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना की दक्षिणी कमांड ने बताया है कि उन्होंने गुरुवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में एक और नौका को निशाना बनाया है। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि नौका के जरिए ड्रग तस्करी की जा रही थी। गुरुवार को किया गया हमला अमेरिकी सेना का कैरेबियाई सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में किया गया 22वां हमला है, जिसमें चार लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि गुरुवार के हमले के बाद अमेरिका के ड्रग तस्करी की संदिग्ध नौकाओं को निशाना बनाने में अब तक करीब 87 लोगों की मौत हो चुकी है।

एक वीडियो में दिख रहा है कि एक छोटी नौका समुद्र में तेजी से जा रही है और अचानक से उसमें विस्फोट होता है और नौका आग की लपटों में घिर जाती है। यह हमला उसी दिन किया गया है, जब अमेरिकी संसद अमेरिकी सेना द्वारा 2 सितंबर को पहली बार एक छोटी नौका को निशाना बनाए जाने की जांच कर रही है।

## जिला पंचायत सीईओ सोलंकी ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

# जिला पंचायत सीईओ सोलंकी ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह सोलंकी ने ग्राम पंचायत मोहड़िया, बंजारी छवारी और उरैसा का व्यापक निरीक्षण कर विकास कार्यों की जमीनी स्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, आजीविका गतिविधियों के क्रियान्वयन तथा योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।





मोहड़िया कला में निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए सीईओ सोलंकी ने कार्य की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और सभी निर्माण गतिविधियों को नियमानुसार संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसियों को समय सीमा का पालन करने के साथ ही मानक सामग्री के उपयोग पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

ग्राम पंचायत बंजारी में निर्माणाधीन पंचायत भवन और गौशाला का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि गौशाला ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालन को मजबूती देने का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए इसका निर्माण ग्रामीण इंजीनियरिंग सेवा द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उरैसा ग्राम पंचायत में वाटरशेड परियोजना क्रमांक 2 के अंतर्गत संचालित मुर्गीपालन, बकरी पालन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जल संरचना कार्य, सब्जी उत्पादन और नर्सरी गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। सीईओ सोलंकी ने इन गतिविधियों को ग्रामवासियों की आजीविका सुधारने का प्रभावी माध्यम बताते हुए हितग्राहियों से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। सब्जी उत्पादन कर रहे लाभार्थियों को उन्होंने रासायनिक इनपुट पर निर्भरता कम करने तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी वॉटरशेड, एसडीओ, मनरेगा उपयंत्री, आरईएस उपयंत्री, वाटरशेड उपयंत्री, ब्लॉक समन्वयक वॉटरशेड तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण की तैयारियाँ पूर्ण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जानकारी दी कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण दिसंबर माह में आयोजित किया जा रहा है। अभियान का संचालन कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस चरण में पाँच से नौ गाय एवं भैंस पालन करने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क स्थापित कर उनके पशुओं में नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, पशु पोषण और पशु स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त मैदानी अमले का प्रशिक्षण विशेष रूप से कराया गया है। 01 दिसंबर 2025 को जिला स्तरीय प्रशिक्षण डॉ. वीरेंद्र विक्रम सिंह द्वारा आयोजित किया गया। इसके बाद 03 दिसंबर को सीधी विकासखंड में डॉ. सलिल कुमार पाठक, रामपुर नैकिन में डॉ. सचिन सिंह और मझौली में डॉ. सव्यसांची त्रिपाठी ने प्रशिक्षण दिया। वहीं 04 दिसंबर को कुसमी में डॉ. प्रशांत सिंह तथा 05 दिसंबर को सिहावल विकासखंड में डॉ. विनीता सिंह और डॉ. सव्यसांची त्रिपाठी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षित दल आगामी दिनों में पशुपालकों के घर-घर पहुँचकर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करेगा, जिससे जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों को नई दिशा और गति मिल सके।

## संचार सेवा सुचारू रखने हेतु बीएसएनएल एक्सचेंज में निर्बाध बिजली के निर्देश, सड़क खुदाई पर रोक

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** अपर कलेक्टर ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री का 07 दिसम्बर को जिला सीधी के बहरी क्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान संचार व्यवस्था अविरल बनी रहे, इसके लिए बीएसएनएल को आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है।

इस संदर्भ में बीएसएनएल एक्सचेंजों में लगातार विद्युत प्रवाह बनाए रखना अत्यंत आवश्यक बताया गया है।

अपर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीधी को निर्देशित किया है कि 07 दिसम्बर 2025 को सभी संबंधित बीएसएनएल एक्सचेंजों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे संचार सेवाएँ किसी भी प्रकार से बाधित न हों।

संचार सेवाओं को सुचारू रखने हेतु प्रशासन ने सीधी-चुरहट-रामपुर नैकिन-बघवार-रीवा, सीधी-मझौली-व्यौहारी-शहडोल तथा सीधी-देवसर-बैढ़न-सरई-निगरी मार्गों पर 06 व 07 दिसम्बर को निर्माण, खुदाई एवं अनुरक्षण कार्य पर रोक लगा दी है।

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक एनएचआई सीधी/रीवा तथा समस्त निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि उक्त मार्गों पर दो दिनों तक किसी प्रकार का निर्माण या खुदाई कार्य न किया जाए, ताकि संचार नेटवर्क एवं बीएसएनएल की सेवाएँ बाधित न हों।

## छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने हेतु मझौली में विशेष शिविर आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मझौली में शुक्रवार को मोबियस फाउंडेशन के ज्ञान कन्या शक्ति कार्यक्रम तथा जिला चिकित्सालय सीधी की टीम के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बबीता खरे तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेंद्र शुक्ला ने किया। चिकित्सा टीम में डॉ. नीरज मिश्रा, डॉ. काजोल जेम्स और



एएनएम विजय पनिका शामिल रहीं। टीम ने छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच, आंख और दांत परीक्षण, वजन-ऊंचाई मापन, मलेरिया जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए। मोबियस फाउंडेशन की ओर से जिला समन्वयक अवनीश तिवारी पूरे समय उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करने तथा कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की ओर से प्राचार्य राजेंद्र सिंह, हेडमास्टर अशोक नामदेव, गीता सिंह, श्वेता सिंह और वशिष्ठ सर का सहयोग सराहनीय रहा। उनके मार्गदर्शन और संयुक्त प्रयासों से शिविर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।

इस स्वास्थ्य शिविर से छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी का लाभ मिला।

## चार बीज दुकानों के लाइसेंस रद्द, अमानक बीज मिलने पर कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** अमानक बीज बेचने वाले चार प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर की गई, जब जांच में बीज के नमूने अमानक पाए गए। प्रशासनिक टीम की ओर से खाद और बीज विक्रय प्रतिष्ठानों पर चलाए जा रहे सघन निरीक्षण अभियान के तहत, इन दुकानों से बीज के नमूने लेकर लैब भेजे गए थे। टेस्ट रिपोर्ट में चार नमूने गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे। जिन दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं, उनमें मेसर्स शाहवाल बीज भंडार खुटार, मेसर्स शाहू बीज भंडार बैढ़न, मेसर्स हैदराबाद बीज भंडार बैढ़न और श्याम बीज भंडार टूसाखांड बैढ़न शामिल हैं। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। विभाग ने कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कृषि अधिकारी बोले- अमानक बीज बेचने पर दुकानदारों पर होगी कार्रवाई:** कृषि विस्तार अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि अमानक बीज किसानों की फसल उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दुकानदार नियमों का उल्लंघन कर निम्न गुणवत्ता तो उनके खिलाफ आगे भी वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

## 120 आरटीई बच्चों पर फीस का दबाव का आरोप, हंस वाहिनी स्कूल ने दिया नोटिस; गार्जियन बोले-तनाव में हैं बच्चे

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कुसमी क्षेत्र में स्थित हंस वाहिनी विद्या मंदिर भदौरा एक बार फिर विवादों में है। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि पिछले तीन सालों से बच्चों और उनके माता-पिता को फीस जमा कराने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। हाल ही में तकरीबन 100 अभिभावकों को नोटिस भेजे गए हैं, जिसमें कहा गया है कि फीस जमा न होने पर बच्चों को न तो परीक्षा में बैठने दिया जाएगा और न ही स्कूल आने दिया जाएगा।




**क्लास में बच्चों को फीस के लिए बार-बार टोका जाता है:** अभिभावकों के अनुसार, स्कूल प्रबंधन बच्चों को कक्षा में बार-बार टोकता है, जिससे बच्चे मानसिक तनाव में रहने लगे हैं। कई अभिभावकों का दावा है कि यह पूरा मामला वसूली का है और बिना पर्याप्त सुविधाएं दिए मोटी फीस वसूलने की कोशिश की जा रहा है।

**लोग बोले-स्कूल में बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं:** अभिभावक अनुरुद्ध जायसवाल ने बताया कि स्कूल में बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। खेल का मैदान लगभग न के बराबर है। कई शिक्षक रिकॉर्ड में एक नाम से दर्ज हैं, लेकिन पढ़ाने कोई और आता है। शिक्षकों से कम पैसों में काम करवाकर उनका भी शोषण किया जा रहा है। पीने के पानी और शौचालय की स्थिति भी मानकों के अनुरूप नहीं है। अभिभावकों ने सवाल उठाया कि जब स्कूल में सुविधाएं न के बराबर हैं, तो इतनी भारी-भरकम फीस क्यों वसूली जा रही है?

**120 आरटीई छात्रों पर बनाया जा रहा फीस का दबाव:** सबसे बड़ी समस्या 120 आरटीई (शिक्षा का अधिकार) बच्चों से संबंधित है। इन बच्चों का प्रवेश सरकार के शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत हुआ है, जिनकी फीस का भुगतान सरकार की ओर से किया जाता है। हालांकि, 2022-23 का भुगतान अब तक स्कूल को नहीं मिला है। इसी आधार पर स्कूल प्रबंधन उन बच्चों के अभिभावकों पर भी फीस जमा करने का दबाव बना रहा है। आरटीई लाभार्थी परिवारों का कहना है कि वे नियमों के तहत आए हैं, इसलिए उनसे वसूली करना गलत और अवैध है।

## ग्रामीणों ने किया बैढ़न-परसोना रोड जाम, बोले- अंगूठा लगवा लेते हैं; लेकिन 4 महीने से राशन नहीं मिला

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** नौगढ़ में राशन घोटाले का आरोप, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जताया विरोधसिंगरौली के नौगढ़ में राशन घोटाले का आरोप, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जताया विरोध सिंगरौली के नौगढ़ क्षेत्र में उचित मूल्य दुकान की अनियमितताओं के विरोध में शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार बृजेश कुमार साह पिछले चार माह से उन्हें राशन नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार बिना राशन दिए ही उनसे अंगूठा लगवाकर राशन जारी करवा लेते हैं।इस अनियमितता से नाराज होकर हजारों की संख्या में ग्रामीण बैढ़न-परसोना मुख्य मार्ग पर उतर आए और सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लगभग दो घंटे तक चले इस जाम के कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार सविता यादव, कोतवाली टीआई अशोक सिंह परिहार, उपनिरीक्षक उदय चंद्र



करिहार और चौकी प्रभारी खुटार शीतला यादव सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। प्रदर्शनकारी ग्रामीण महिला रेनू शाह ने बताया, 'कोटेदार द्वारा अंगूठा लगवा लिया जाता है, लेकिन राशन नहीं दिया जाता। हम चार महीने से परेशान हैं, जिससे बच्चों के लिए खाने का संकट खड़ा हो गया है।' अन्य ग्रामीणों ने भी समान आरोप लगाते हुए कोटेदार को हटाने की मांग की। इस मामले पर खाद्य अधिकारी पीसी चंद्रवंशी ने जानकारी दी कि विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, उचित मूल्य दुकान पर हर महीने का राशन भेजा जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि ग्रामीणों को वास्तव में राशन नहीं मिला है, तो मामले की जांच कर तथ्य सामने लाए जाएंगे और दोषी कोटेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में उचित मूल्य दुकानों की निगरानी व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मुख्यमंत्री कार्यक्रम हेतु मजिस्ट्रेटियल ड्यूटी के आदेश जारी

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** मुख्यमंत्री के 07 दिसम्बर 2025 को प्रस्तावित जिला सीधी भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए अपर जिला दण्डाधिकारी ने शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु विभिन्न अधिकारियों की मजिस्ट्रेटियल ड्यूटी निर्धारित की है। आदेशानुसार मंच प्रबंधन का दायित्व राजेश शुक्ला संयुक्त कलेक्टर एवं राकेश शुक्ला उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास को सौंपा गया है, जबकि हेलीपैड ग्राम बहरी के लिए विकास कुमार आनंद एसडीएम कुसमी को नियुक्त किया गया है। ग्रीन रूट की व्यवस्था शैलेश द्विवेदी एसडीएम चुरहट/रामपुर नैकिन को दी गई है।

प्रदर्शनी स्थल के लिए अमित कुमार दुबे नायब तहसीलदार कुसमी तथा वी.वी.आई.पी./वी.आई.पी. प्रवेश द्वार हेतु साक्षी गौतम प्रभारी तहसीलदार चुरहट को जिम्मेदारी दी गई है। सामान्य प्रवेश द्वार पर राजेश पारस प्रभारी तहसीलदार मड़वास एवं वेदवती सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार मझौली की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार दीर्घा का दायित्व मुनेन्द्र प्रसाद तिवारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को सौंपा गया है। छोटे वाहनों की पार्किंग व्यवस्था हेतु धनकुमार टोप्पो प्रभारी नायब तहसीलदार मड़वास तथा बड़े वाहनों की पार्किंग हेतु चन्द्र प्रकाश तिवारी प्रभारी नायब तहसीलदार वृत्त हनुमानगढ़ को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सेक्टर 1 से 8 तक की जिम्मेदारी क्रमशः राकेश कुमार शुक्ला (गोपद बनास), सुषमा देवी रावत (पटपरा), आशीष कुमार मिश्रा (रामपुर नैकिन), दिलीप सिंह (मझौली), राजेश सिंह (रामपुर बघेलान, सतना), दिनेश तिवारी (सिहावल), महेन्द्र कुमार द्विवेदी (रामपुर नैकिन) एवं नारायण सिंह (कुसमी) को सौंपी गई है।

अपर जिला दण्डाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम पूर्व अपने-अपने कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें तथा कार्यक्रम दिवस पर समय से पूर्व उपस्थित होकर तैनात पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

## बना जोनल कबड्डी चैंपियन, सीधी को 24-20 से हराया; 28 खिलाड़ियों का होगा राज्य स्तर के लिए चयन

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** बैढ़न जिला मुख्यालय के राजमाता चरण कुमारी स्टेडियम में मध्य प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन की ओर से आयोजित सीनियर अंतर जिला जोनल स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप का रविवार को रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में सिंगरौली की टीम ने सीधी को 24-20 अंकों से हराकर जोनल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया।



इस प्रतियोगिता में रीवा, सीधी, शहडोल, अनूपपुर और सिंगरौली की टीमों ने भाग लिया था। लीग में कुल 9 मैच खेले गए। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर कुल 28 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाना प्रस्तावित है।

**फाइनल देखने पहुंची भारी भीड़:** फाइनल मुकाबले के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ देखी गई, जिससे खिलाड़ियों का जोश हर प्वाइंट पर बढ़ता दिखाई दिया। जिला खेल अधिकारी पी.एस. परस्ते मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुंदर शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे और सिंगरौली विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सिंगरौली की इस जीत से स्थानीय खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ा है। टीम अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ तैयारी में जुट जाएगी।

## अमानक बीज विक्रय पर कृषि विभाग की सख्ती, पाँच विक्रेताओं पर कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि जिले में किसानों के हितों की रक्षा और उन्हें गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विभिन्न बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्र किए गए थे। प्रयोगशाला परीक्षण में कई नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिसके बाद विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिन विक्रेताओं पर अमानक बीज विक्रय का आरोप पाया गया, उनमें मे. पटेल बीज भंडार अमिलिया (गेंहूँ-लॉट नं. ल020000089), मे. विजय कृषि सेवा केंद्र मड़वास है।

## जैविक संसाधन केंद्रों से ग्रामीण महिलाएँ बनेंगी आत्मनिर्भर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला सीधी के मार्गदर्शन में विकासखंड मझौली में एकीकृत कृषि संकुल के अंतर्गत कर-संकुल केंद्रों का गठन किया गया है। इन संकुलों में चार-चार गांव शामिल किए गए हैं, जहाँ जैविक संसाधन केंद्रों की स्थापना कर ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इन जैविक संसाधन केंद्रों में गांवों में बनने वाले जैविक खाद, केंचुआ खाद, जैविक कीटनाशक, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र जैसे उत्पादों का निर्माण व विक्रय किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा स्थानीय संसाधनों को आय का साधन बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।दसंकुल क्षेत्रों में तैनात सीआरपी टीम (कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन) किसानों और महिलाओं को जैविक खेती, जैव विविधता और जैविक उत्पाद निर्माण की तकनीकों का प्रशिक्षण दे रही है।

# यात्री खामयाजा क्यों भुगते

संपादकीय

अब धीरे धीरे फ्लाइट आम लोगों के बस से बाहर होते जा रहा है ट्रेन में देरी या रद्द तो पहले से चलता आ रहा था अब बंदे भारत के आने से स्तिथि कुछ सुधरी है लेकिन अब फ्लाइट में रद्द होने से अफरा तफरी का माहौल हो रहा है आज यानी 5दिसम्बर को मेरे भाई पटना जाने वाले थे और पटना से 6 दिसंबर को माँ बाबू जी मुंबई आने वाले थे सारी तैयारी पुरी हो चुकी थी कि अचनाक 4 दिसंबर को ही मैसेज आया की फ्लाइट कैंसिल हो गया है अतः अब जब कैंसिल हो गया तो उसकी क्या व्यवस्था की आप इमरजेंसी में जा रहें हैं तो फिर दूसरे फ्लाइट में किराया 4 गुना क्यों है क्योंकि आप आम आदमी हैं आपके लिए फ्लाइट नहीं है जो पैसा पानी की तरह देगा वो जा सकता है ऐसे राजनेता पर लागू नहीं है क्योंकि वो वीआईपी हैं इसलिए अब सरकार को ऐ सोचना चाहिए की नियम को लागू करना सही है लेकिन उससे कितने को तकलीफ होगा जब से अहमदाबाद से लन्दन जा रही एयर इंडिया की ड्रीम लाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें एक को छोड़कर सभी यात्रियों की मौत हो गई थी टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने हाल ही में यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डाला। उसने एक ऐसे विमान का संचालन किया जिसकी एयरवर्थिनेस (हवा में उड़ने की योग्यता) का लाइसेंस एक्सपायर हो चुका था। 24-25 नवंबर को एक 164-सीटर एयरबस॔320 विमान आठ बार उड़ा। इसका एयरवर्थिनेस सर्टिफिकेट वैध नहीं था। यह तब सामने आया जब एक इंजीनियर ने इस गड़बड़ी का पता लगाया। विमान को सेवा से हटा दिया गया। इस गंभीर चूक के कारण नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ( छळ्ष्ट ) ने जांच शुरू कर दी है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब एयर इंडिया जून में हुए एक ड्रीमलाइनर क्रैश के बाद अपनी सुरक्षा छवि को सुधारने की कोशिश कर रही है।कई अधिकारियों का निलंबन भी शामिल हो सकता है। एयर इंडिया ने उन सभी लोगों को निलंबित कर दिया है जो इस विमान को बिना वैध लाइसेंस के उड़ाने के फैसले में शामिल थे। फिलहाल, ॔320 विमान डीजीसीए की जांच लंबित रहने तक ग्राउंडेड है। एक्सपायर लाइसेंस के साथ विमान उड़ाने से बीमा कवरेज अमान्य हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, यह सुनिश्चित किए बिना कि विमान हवा में उड़ने के लिए प्रमाणित है, विमान का संचालन करके, एयरलाइन ने उड़ान सुरक्षा और सभी यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डाला है। यह एक गंभीर उल्लंघन है और एयर इंडिया जैसी मुख्यधारा की एयरलाइन से इसकी उम्मीद नहीं की जाती है। हालांकि, डीजीसीए समय-समय पर निरीक्षण करता है, लेकिन विमान को एयरवर्थी स्थिति में बनाए रखने की जिम्मेदारी ऑपरेटर की होती है। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, जैसे ही यह हमारे ध्यान में आया, हमने तुरंत डीजीसीए को सूचित कर दिया। हमने एक व्यापक आंतरिक जांच शुरू की है।

# हमारा गुस्सा और क्रोध हमारे जीवन की सभी समस्याओं की वजह में से एक है

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

आज के युग में हर व्यक्ति को जीवन के किसी न किसी पड़ाव में विपरीत परिस्थितियों का निर्माण होने के कारणों में कहीं ना कहीं एक कारण उसका गुस्सा या क्रोध भी होगा। अगर हम अत्यंत संवेदनशीलता और गहनता से उत्पन्न हुई उन परिस्थितियों की गहनता से जांच करेंगे तो हमें जरूर यह कारण महसूस होगा। गुस्से और क्रोध का वह छोटा सा पल ऐसी अनेकों विकराल स्थितियों और परिस्थितियों को पैदा कर देता है, जिसकी हमें उम्मीद भी नहीं रहती और फिर बड़े बुजुर्ग लोग कहते हैं ना कि, जब चिड़िया चुग गई खेत अब पैछतावे का होए। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हमें उस गुस्से क्रोध के उस पल को काबू में रखने के मंत्र सीखने होंगे जो कि आसान है। सबसे पहले तो हमारी यह सव प्रतिशत कोशिश होनी चाहिए कि उस स्थिति को पैदा ही ना होने दें , जिसके कारण क्रोध या गुस्सा या आक्रोश उत्पन्न हो।परंतु यह भी उचित बात है कि, हम किसी भी परिस्थिति को कितना भी रोके, परंतु स्थिति उत्पन्न हो ही जाती है,या अन्य कोई यह स्थिति उत्पन्न कर ही देता है, तो ऐसी परिस्थिति में सबसे सरल मंत्र है उस परिस्थिति की हर बात,हर स्थिति को अत्यंत ही सहजता और सरलता से लें और गुस्से या क्रोध या आक्रोश को जगने से पहले ही तुरंत उसे समाप्त कर दें। उसके लिए सहजता व सरलता इन दो शब्दों या मंत्रों को गांठ बांध के रखना ही होगा।

साथियों जब शरीर क्रोध के आवेग में काबू हो जाता है तो मनुष्य विचार शून्य हो जाता हैं. उसे कुछ भी सूझता नहीं है जैसे मुह में आया बोल दिया अथवा जो हाथ में आया उसे चला दिया जाता हैं. ऐसे करने से बाद में पछताने के सिवाय कुछ भी हाथ नहीं लगता हैं. यदि आप क्रोध को नियंत्रित नहीं कर पाते है तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है, यह आपके ब्लड प्रेशर को अधिक करने के साथ ही कई व्याधियों को जन्म भी दे सकता हैं।क्रोध को कायरता की निशानी भी कहा जाता है, इसे स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक भी माना गया हैं. जिन्हें विभिन्न परिस्थितियों में धैर्य एवं साहस की कमी होती है वे क्रोधित होते हैं। यह संताप विकलता की दशा हैं. एक क्रुद्ध व्यक्ति के सोचने समझने और विचारने की शक्ति शून्य हो जाती हैं।साथियों ,मेरा ऐसा निजी मानना है कि जितनी भी विपरीत, हानिकारक, कष्टदाई परिस्थितियां उत्पन्न होती है, उसका मूल कारण गुस्सा, आक्रोश, क्रोध में उठाया गया हिंसात्मक कदम होता है, जिसकी परिणीति में उन विपरीत परिस्थितियों का जन्म होता है।और अगर उन परिस्थितियों, स्थितियों को फलने फूलने के लिए, कथित प्रोत्साहन मिला तो फिर विकराल रूप बन इंसान को सबसे बड़ा और खतरनाक प्राणी बना देता है ,जिसे आज की स्थिति में अपराध के जगत का डॉन या कुख्यात अपराधी की संज्ञा दी जाती है।साथियों, हम अपने रूटीन जीवन के हर क्षण में काफी नजदीकी से देखते होंगे कि कोई भी टॉपिक में, किसी भी क्षेत्र में, किसी भी विषय में, बात तभी बिगड़ जाती है जब वहां तावबाज़ी अर्थात गुस्सा या क्रोध का जन्म होता है, और बात बढ़ कर कहासुनी, मारपीट, हत्या की कोशिश, हत्या, जख्मी, घायल इत्यादि से पुलिस, जेल , और मामला अदालतों की दहलीज तक जा पहुंचती है। और सामाजिक-आर्थिक नैतिक, हानि, मानहानि अलग होती है। साथियों, सोचिए इतनी भारी कीमत चुकानी होती है, मात्र एक छोटे से पल की जिस पर आसानी से नियंत्रण किया जा सकता था। जो भी व्यक्ति उपरोक्त विपरीत प्रक्रिया, गुस्से, क्रोध, से जेल तक में बंदी बनाया जाता है या सजा काटता है या अदालतों के चक्कर काटता है, विशेषज्ञों और अधिवक्ताओं के पीछे घूमता है, अगर हम उसकी प्रतिक्रिया जानना चाहेंगे तो हमें निर्णय करने में आसानी होगी कि मामला गुस्से और क्रोध की परिणीति का है और कहीं ना कहीं उस व्यक्ति के मन में गुस्से और क्रोध के प्रति पछतावे की बात सामने आती है। गुस्सा और क्रोध से, बदले की भावना का उदय होता है और फिर बदले पर बदला के चक्रव्यूह में अनेक जीवो का जीवन कुचक्र में फंस कर खराब हो जाता है। क्योंकि फिर बदले का अंजाम बहुत दूर तलक जाता है, जो गुटबाजी, गैंगवार सहित बात दूर तलक चली जाती है ।

> अयं निज: परोवेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैवकुटुम्बकम् ॥ (महोपनिषद-4/71)अर्थात् ' 'यह मेरा है और वह पराया है, यह संकीर्ण सोच का लक्षण है। उदार दृष्टिकोण वाले लोग संपूर्ण पृथ्वी को अपना परिवार मानते हैं।' ' भारत की महान 'हिन्दू संस्कृति का यह विचार भौतिक सीमाओं और भेदभाव से परे जाकर मानवता के लिए समानता, प्रेम और बंधुत्व की प्रेरणा देता है। सामाजिक समरसता का यह संदेश धार्मिक, जातिगत, भाषाई और सांस्कृतिक विविधताओं के बावजूद समाज को एकजुट करता है।

# हिंदुत्व के लिए घातक है सामाजिक विभेदीकरण

**डॉ. जीवन एस रजक**



हिन्दुत्व की मूल चेतना 'एकत्व' की है। हिन्दू धर्म एक ऐसा दर्शन है, जो संपूर्ण सृष्टि को एक ही चेतना का विस्तार मानता है। ''एक सद् विप्रा बहुदा वदन्ति'' से लेकर ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' तक, हिन्दू चिंतन का केन्द्र बिन्दु सदैव समता, करूणा, एकता और सामंजस्य रहा है।

भारतीय संस्कृति के समस्त उपासकों को एक सूत्र में बांधने के लिए ''हिन्दू'' शब्द एकमात्र साधन है। हिन्दुत्व भारतीयता के मूल में है। भारतीय समाज में कितनी भी सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता हो, किन्तु इसका मूल स्वरूप हिन्दुत्व का ही है। भारत में रहने वाला प्रत्येक नागरिक चाहे वह किसी भी धर्म, वर्ण, जाति, समुदाय क्षेत्र या वर्ण का हो, वास्तव में वह हिन्दुत्व का ही अनुसरणकर्ता है।

आसिन्धुसिन्धुपर्यंता यस्य भारतभूमिका।पितृभूः पुण्यभूश्चैव स वै हिन्दुरिति स्मृतः ।।अर्थात् सिंधु नदी से लेकर समुद्र पर्यंत तक की भारत भूमि जिसकी पैतृक संपत्ति और पवित्र भूमि हो, वही हिन्दू है। हिन्दुत्व के मूल में 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' और सामाजिक समरसता का भाव विद्यमान है। किन्तु जब इस व्यापक, समावेशी दर्शन और आध्यात्मिक एकात्मता पर सामाजिक विभेदीकरण, मानसिक संकीर्णता, जातिगत अहंकार और वर्ण व्यवस्था की कठोर और भ्रामक व्याख्याएं हावी हो जाती हैं, तो हिन्दुत्व का मूल चरित्र दूषित और मूल आत्मा अस्पष्ट होने लगती है।

प्राचीन भारत में सामाजिक गतिशीलता और समाज के सुचारू संचालन के लिए 'वर्णव्यवस्था' नियत की गई थी, यह व्यवस्था मूलतः गुण, स्वभाव और कर्म पर आधारित थी और इसका उद्देश्य समाज में कार्यों का योग्यता अनुसार विभाजन और सामाजिक संतुलन था। वर्णव्यवस्था जन्म आधारित श्रेणीकरण नहीं था, इसलिए कर्म के आधार पर इसमें उन्नति और अवनति हो सकती थी। गीता में श्री कृष्ण कहते है-

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम्। (श्रीमद्भगवतगीता 4/17)अर्थात- प्रकृति के तीनों गुणों और उनसे संबंधित कर्म के अनुसार मेरे द्वारा मानव समाज के चार विभाग रचे गये हैं। अर्थात वर्ण निर्धारण का आधार जन्म नहीं बल्कि गुण और कर्म था। इसी प्रकार मनुस्मृति में भी कहा गया है-

शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम् 7क्षत्रियज जातमेवं तु विद्याद् वैश्यात् तथैव च 77 (मनुस्मृति 10/65)अर्थात् ''श्रेष्ठ और अश्रेष्ठ कर्मों के अनुसार शूद्र कुल में उत्पन्न बालक ब्राह्मण और ब्राह्मण कुल में उत्पन्न बालक शूद्र हो जाता है। इसी प्रकार क्षत्रिय कुल और वैश्य कुल में उत्पन्न बालक का भी वर्ण परिवर्तन भी समझना चाहिए।'' कुल मिलाकर प्राचीन वर्ण व्यवस्था कर्म के आधार पर निर्धारित एक सामाजिक संतुलन की उत्तम व्यवस्था थी।

आधुनिक विज्ञान भी स्पष्ट रूप से स्थापित करता है कि, किसी भी जाति में जन्मजात श्रेष्ठता का कोई वैज्ञानिक आधार नही है। सभी मनुष्य समान आनुवांशिक क्षमता के साथ जन्म लेते है। सामाजिक प्रस्थति, पर्यावरण और अवसर किसी व्यक्ति की क्षमता और दिशा को निर्धारित करते है। इसीलिए जातिगत श्रेष्ठता अथवा हीनता वैज्ञानिक रूप से असत्य और सामाजिक रूप से हानिकारक है।

कालांतर में जब वर्ण व्यवस्था ने दूषित होकर जाति व्यवस्था का रूप ले लिया तो हिन्दू समाज में सामाजिक विभेदीकरण और जातिगत वैमनष्य उत्पन्न हो गया, जिसने ''हिन्दुत्व एकात्मता'' और हिन्दू समाज की समरसता को बहुत बुरी तरह से विकृत और विभेदीकृत किया। जिसका सीधा प्रभाव भारत की राष्ट्रीय भावना पर पड़ा, क्योंकि कोई भी राष्ट्र तभी सशक्त हो सकता है, जब उसके समस्त नागरिकों में एकता और समरसता की भावना विद्यमान हो।

आजादी के बाद संवैधानिक रूप से हमारे देश में 'समानता' को स्थापित किया गया। सामाजिक समरसता के लिए कानून बनाए गए। किन्तु हमें इस बात की स्वीकार करना पड़ेगा कि हजारों वर्षों से चले आ रहे जातिगत विभेदीकरण और जाति आधारित सामाजिक परम्पराओं को कुछ वर्षों में समाप्त नहीं किया जा सकता।

हमारे देश में जातिगत आधार पर जन्म लेने वाले जातिगत संगठन सामाजिक श्रेष्ठता और निम्नता को आधार मानकर समाज में वैमनस्यता की भावना फैलाने का काम लगातार करते रहे है। इससे न केवल हिन्दुत्व की भावना दूषित हुई बल्कि हिन्दू धर्म में जातिगत विभेदीकरण भी पैदा हुआ है। क्योंकि जब कोई संगठन सामाजिक असमानता और उपेक्षा की वास्तविक समस्याओं से इतर जातिगत पहचान को श्रेष्ठता, विरोध या राजनीतिक ध्रुवीकरण का आधार बना लेता है, तब वह समाधान नहीं बल्कि एक नया संघर्ष उत्पन्न करता है। ऐसे संगठन यह संदेश देते हैं कि ''हम पहले जाति हैं, बाद में हिन्दू'' और यही मानसिकता हिन्दुत्व की बुनियाद को कमजोर करती है। हाल ही मध्यप्रदेश में जातिगत संगठनों की जातिगत टिप्पणियों ने हिन्दू धर्म की मूल भावना और सामाजिक समरसता को दूषित किया है। वास्तविकता यह है कि हिन्दुत्व का मूल स्वरूप समन्वयकारी और समाधानकारी है, संघर्षकारी नहीं है। यह किसी जाति, क्षेत्र या वर्ग का धर्म नहीं है, बल्कि एक विस्तृत जीवन पद्धति है। जब श्रेष्ठता का अहंकार और पीड़ित होने की अतिशयोक्ति के कारण हिन्दू समाज जाति के आधार पर विभाजित होकर आंतरिक संघर्षों में उलझ जाता है, तो स्वभाविक रूप से उसकी सांस्कृतिक शक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता प्रभावित होती है, और यह नकारात्मक प्रभाव हिन्दुत्व की आत्मा को कमजोर करता है।

भारत की आध्यात्मिक परम्परा सदैव कहती आई है कि ''आत्मा न जाति की होती है, न वर्ण की और न किसी श्रेणी की।'' उपनिषद् कहते है-''नेति-नेति'', मैं यह शरीर नही, यह पहचान नहीं। इस तरह यदि आत्मा सर्वत्र समान है, तो जातिगत विभाजन केवल एक अहंकार है। यह अहंकार न व्यक्ति के लिए कल्याणकारी है, न समाज के लिए और न राष्ट्र के लिए।

यह सत्य है, कि भारत की सामाजिक व्यवस्था में हजारों वर्षों से जाति के आधार पर विभेदीकरण और शोषण की प्रवृत्तियां रही हैं। परन्तु यह भी सत्य है कि बदलते आधुनिक परिवेश में पिछले दो-तीन दशकों में हमारे समाज में जातिवाद की जड़े बहुत कमजोर हुई हैं। समाज की युवा पीढ़ी ने जातिवाद की भावना को नकारा है। ऐसे में विश्वास किया जा सकता है, कि आने वाले समय में बहुत शीघ्र हमारा समाज जातिगत विभेदीकरण के भावना से मुक्त हो जाएगा। ऐसी स्थिति में हमें यह समझना पड़ेगा कि बदलते समाज में जातिगत विभेदीकरण के आधार पर वैमनस्य पैदा करना हिन्दुत्व की मूल भावना को कमजोर करना है। हिन्दुत्व के सिद्धान्तों को जातिगत द्वेष से विकृत करने वाली मानसिकता हिन्दू समाज के लिए अंत्यत घातक है। यदि हम वास्तव में हिन्दुत्व को उसके दिव्य स्वरूप में पुनः स्थापित करना चाहते हैं, तो हमें ज्ञान, विवेक और आत्म-जागरण से जातिगत पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर सोचना होगा। 'हिन्दुत्व' भारतीय जनमानस की जीवन पद्धति है। हिन्दू धर्म की आत्मा उज्जवल, उदार और अत्यंत व्यापक है। जब हिन्दू समाज एक होगा, उसमें सामाजिक समरसता होगी, तभी हिन्दुत्व सुरक्षित और उज्जवल होगा। सामाजिक विभेदीकरण हिन्दुत्व के लिए घातक है। याद रहे समता ही शक्ति है, एकता ही धर्म है और एकात्मता ही सच्चा हिन्दुत्व है।

# वामपंथी दीमक की अंतिम चीख और भारतीय जनजाति समाज का वास्तविक सत्य

**दंतेवाड़ा में हाल ही में भाकपा (माओवादी) प्रतिबंधित नक्सली संगठन से जुड़े 37 नक्सलियों का आत्मसमर्पण हुआ, जिनमें कई उच्च इनामी भी शामिल थे। निश्चित ही यह उस वैचारिक ढांचे के विघटन का संकेत है जिसने दशकों तक जनजाति समाज को भय और हिंसा में जकड़े रखा। पिछले कुछ महीनों में यह प्रवाह और अधिक तेज हुआ है और एक अवसर पर 210 से अधिक नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने की शपथ ली। नारायणपुर में भी बड़ी संख्या में नक्सलियों ने समर्पण किया।**

**कैलाश चन्द्र**

यह सम्पूर्ण स्थिति बताती है कि माओवादी हिंसक आंदोलन अब अपनी पकड़ खो रहा है और उसकी ठोस संरचना और मनोबल दोनों चरमरा चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त रणनीति ने इसमें निर्णायक भूमिका निभाई है। सुरक्षा अभियानों के साथ ही पुनर्वास, सड़क, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, कौशल प्रशिक्षण और आजीविका कार्यक्रमों पर जोर दिया गया, जिससे उन क्षेत्रों में विकास की रोशनी पहुँची जो कभी हिंसा से अंधेरे में डूबे थे। जनजाति युवाओं को शिक्षा और अवसर मिले तो उन्होंने बंदूक छोड़कर नए जीवन की राह चुनी। इस बदलते यथार्थ के बीच एक दूसरी कथा भी गढ़ी जा रही है और वह है वामपंथी नैरेटिव की। यह वही पुरानी शैली है जिसमें शासन को क्रूर बताया जाता है और हिंसा को जन प्रतिरोध कहा जाता है। सोशल मीडिया और शहरी वामपंथी समूहों द्वारा हिडमा मडावी जैसे कुख्यात माओवादी को ÷जनजाति योद्धा÷ के रूप में महिमामंडित करने का प्रयास इसी आखिरी छटपटाहट का हिस्सा है। वामपंथी नैरेटिव का सूत्र हमेशा दो बिंदुओं पर चलता है। पहला शासन को दमनकारी घोषित करना और दूसरा माओवादी हिंसा को स्वाभाविक प्रतिरोध की संज्ञा देना। किसी आतंकवादी की मृत्यु होते ही उसे जंगल का प्रहरी और शोषितों का नायक बना दिया जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि माओवादी हिंसा का सबसे बड़ा शिकार स्वयं जनजाति समाज ही है।

वामपंथियों की दूसरी तकनीक है आधा सच बोलकर उसे पूरा नैरेटिव बना देना। सोनी सोरी जैसे मामलों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर पूरी कथा को भावनात्मक दिशा दे दी जाती है जबकि तथ्य, जांच, संदिग्ध कड़ियां और परिस्थितियां कभी सामने नहीं लाई जातीं। सिर्फ भावनात्मक आवरण दिखाया जाता है। इसी रणनीति का उपयोग हिडमा के मामले में भी किया जा रहा है। अब हिडमा मडावी को कुछ समूहों द्वारा जनता का योद्धा बताने की कोशिश की जा रही है, जबकि हकीकत यह है कि वह माओवादी नक्सल संगठन का सबसे हिंसक और क्रूर चेहरा था। उसके नेतृत्व में अनेक जवान मारे गए, जनजाति युवकों को जबरन भर्ती किया गया, महिलाओं का यौन शोषण हुआ, स्कूल और सड़कें उड़ाई गई और बस्तर के विकास को दशकों पीछे धकेला गया। क्या ऐसे व्यक्ति को जन प्रहरी कहा जा सकता है वास्तव में यह जनजातियों के नाम पर की जाने वाली सबसे बड़ी धोखाधड़ी है।

इसी के साथ एक और मिथक फैलाया जाता है कि गरीबी नक्सलवाद को जन्म देती है। यदि गरीबी ही कारण होती तो भारत के हर गरीब क्षेत्र में नक्सलवाद होता। भूटान, नेपाल की पर्वतीय जनजातियाँ और भारत के कई अत्यंत गरीब जिले इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इससे स्पष्ट है कि नक्सलवाद का असली कारण गरीबी नहीं है, वह तो वैचारिक प्रदूषण, विदेशी समर्थन और शहरों में सक्रिय अर्बन नक्सल नेटवर्क है जो भावनात्मक मुद्दों का उपयोग कर जनजातियों को भ्रमित करता है और उन्हें विकास से दूर रखता है।

जनजाति समाज के अधिकारों, वन संपदा, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा और सुरक्षा का वास्तविक संरक्षक भारतीय राज्य ही रहा है। वनाधिकार कानून, पेसा, पंचायत प्रणाली और वन समितियां इन्हीं नीतियों का परिणाम हैं, जिसमें कि माओवादी इन सबको नष्ट करने का प्रयास करते रहे। वे स्कूल और सड़कें उड़ा देते हैं ताकि शिक्षा और प्रशासन वहाँ तक न पहुँच सके। गांवों को भय के वातावरण में रखते हैं और ग्राम सभाओं को बंदूक की नोक पर नियंत्रित करते हैं। इसके बावजूद वामपंथी इन्हें जन प्रतिरोध बताते हैं। यह सत्य से कोसों दूर की कहानी है।

वामपंथियों के दोहरे मापदंड भी किसी से छिपे नहीं। वे उद्योगपतियों पर आरोप लगाते हैं पर स्वयं करोड़ों की संपत्ति में रहते हैं। एनजीओ फंडिंग लेते हैं, विदेश दौरों पर रहते हैं, पर सेवा परियोजनाओं से उनका कोई संबंध नहीं होता। जिन राज्यों में उन्हें लम्बे समय तक शासन चलाने का अवसर मिला वहां गरीबी, हिंसा और अविकास की स्थिति और अधिक गंभीर रही। जबकि सच यही है कि समाधान का मार्ग हिंसा से नहीं, सहभागिता से निकलता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन में स्पष्ट कहा गया है कि समाज की प्रगति समरसता और सहयोग से होती है न कि संघर्ष और हिंसा से। जनजातियों का कल्याण विकास, शिक्षा और स्वावलंबन से ही संभव है न कि माओवादी बंदूक से।

आज जब छत्तीसगढ़ के बस्तर, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र में माओवादी प्रभाव तेजी से घट रहा है तो वामपंथी नैरेटिव अपनी अंतिम कोशिश कर रहा है। वे आतंकियों को नायक बनाकर और शासन को क्रूर बताकर पुरानी भावनात्मक पटकथाओं को पुनर्जीवित करना चाहते हैं पर अब यह कोशिश कारगर नहीं रही। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में पर्यावरण, मानवाधिकार या क्लाइमेट जस्टिस जैसे सुनने में सार्वभौमिक मुद्दों के नाम पर आंदोलन खड़े किए जाते हैं। किंतु यहां अनेक बार देखा गया है कि इन प्रदर्शनों में अर्बन नक्सल और वैचारिक समूह अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं। वे सामान्य और सकारात्मक मुद्दों के भीतर अपना राजनीतिक बीज रोपते हैं। नारे धीरे-धीरे बदलते हैं और पर्यावरण से आगे बढ़कर राज्य विरोध और व्यवस्था विरोध की दिशा में चले जाते हैं। पर्यावरण इन आयोजनों के लिए केवल बहाना बन जाता है, जबकि लक्ष्य वैचारिक विस्तार और राजनीतिक अस्थिरता की जमीन तैयार करना होता है। यही वह दीमक है जो वर्षों से भारतीय समाज की दरारों में घुसने की कोशिश करती रही है और अब जब नक्सलवाद कमजोर हो चुका है तो यह वैचारिक दीमक अपनी अंतिम चीख पुकार कर रही है। ऐसे में कहा यही जा सकता है कि माओवादी हिंसा का अंत जरूरी है, यह किसी सरकार या उनसे लोहा ले रहे सुरक्षा बलों की जीत से कहीं अधिक जनजाति समाज की ही जीत है और लोकतंत्र तथा मानवता की भी विजय है। सड़कें बन रही हैं, शिक्षा पहुँच रही है, स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ रही हैं और संवाद मजबूत हो रहा है, यही नक्सलवाद और हिंसक माओवादी आन्दोलन के अंत की सफलता है। यह हम सभी के लिए आनन्द का विषय है कि आज जनजाति समाज अब अराजकता नहीं बल्कि सम्मान, स्थिरता और भविष्य की राह चुन रहा है। यही सच्चा विमर्श है और यही आज के बस्तर तथा भारत का वास्तविक सत्य है। जिसके साथ हर भारतीय को आज पूरे मनोयोग के साथ खड़े होने की आवश्यकता है।

# एसएनए स्पर्श एवं ई-कुबेर आधारित 'जस्ट-इन-टाइम' के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण हुई सम्पन्न

## जिला अधिकारियों को निधि प्रवाह की नवीन तकनीक से किया गया अपडेट





एमसीबी/05 दिसम्बर 2025/ कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा संचालक, कोष एवं लेखा छत्तीसगढ़ रायपुर से जारी आदेश के तहत आज जिला कोषालय में एसएनए-स्पर्श मॉडल एवं आरबीआई आधारित ई-कुबेर 'जस्ट-इन-टाइम' प्रणाली के सफल और सुचारु क्रियान्वयन के उद्देश्य से व्यापक प्रशिक्षण आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की अगुवाई जिला कोषालय अधिकारी मनबोध राम यादव ने की। उन्होंने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए निधि प्रवाह (स्न्ह्ठ्ठस्त्र स्न्द्यश्2) की नवीनतम प्रक्रिया, एसएनए-स्पर्श प्रणाली की कार्यप्रणाली और ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम से रियल टाइम भुगतान की तकनीक पर विस्तृत जानकारी दी। आज आयोजित प्रशिक्षण में जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी, लेखापाल और डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हुए, जिन्हें जस्ट-इन-टाइम प्रणाली के लाभों, भुगतान प्रक्रिया की पारदर्शिता, बजट नियंत्रण की सटीकता एवं निधियों के सीधे और समयबद्ध हस्तांतरण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तर पर अब तक सामने आई तकनीकी बाधाओं और प्रक्रिया संबंधी कठिनाइयों पर भी खुलकर चर्चा हुई तथा प्रत्येक बिंदु का समाधान तत्काल करते हुए अधिकारियों को जमीनी स्तर पर इन प्रणालियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। एसएनए-स्पर्श से जुड़ी मॉनिटरिंग, निधि आवंटन एवं भुगतान की ऑटो-ट्रैकिंग सुविधाओं पर भी गहन व तकनीकी जानकारी साझा की गई, जिससे शासन की योजनाओं के लिए मिलने वाली राशि का अधिकतम पारदर्शी और लक्ष्य-आधारित उपयोग सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार प्रजापति, विक्रांत सिंह परिहार सहित कोषालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के अंत में जिला कोषालय अधिकारी यादव ने प्रतिभागियों से अपील की कि एसएनए-स्पर्श एवं ई-कुबेर आधारित जस्ट-इन-टाइम प्रणाली को पूरी दक्षता के साथ लागू कर जिले में वित्तीय प्रबंधन एवं भुगतान व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए।

## मनेन्द्रगढ़ के तीन नजूल भू-खण्डों को पुनः शासकीय भूमि के रूप में दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू, 15 दिवस के भीतर कर सकते है आपत्ति दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार नगर मनेन्द्रगढ़ स्थित तीन महत्वपूर्ण नजूल भू-खण्डों-क्रमांक 3/10क, 3/10ख और 3/10ग-को पुनः नजूल शासकीय भूमि के रूप में अभिलेखों में दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनेन्द्रगढ़ द्वारा जारी प्रतिवेदन के आधार पर बताया गया है कि वर्ष 2025-26 के आंतरिक नजूल संधारण खसरा में भू-खण्ड क्रमांक 3/10क का क्षेत्रफल 26,550 वर्गफीट, भू-खण्ड क्रमांक 3/10ख का क्षेत्रफल 3,000 वर्गफीट तथा भू-खण्ड क्रमांक 3/10ग का क्षेत्रफल 450 वर्गफीट अभिलेखों में अध्यक्ष भूपेन्द्र क्लब मनेन्द्रगढ़ के नाम दर्ज है।

न्यायालय तहसीलदार नजूल द्वारा 05 फरवरी 2024 को नामांतरण पारित होने के बाद भी संस्था ने भूमि का अधिपत्य ग्रहण नहीं किया, वहीं भूपेन्द्र क्लब की ओर से वादी रहे श्री रामानुज अग्रवाल का निधन हो चुका है और वर्तमान में क्लब की कोई विधिक स्थिति अस्तित्व में नहीं है। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए 70 ग0 भू.रा.सं. की धारा 57(1) एवं 57(2) के तहत उक्त भूमि को पुनः नजूल शासकीय भूमि के रूप में दर्ज किए जाने हेतु अनुशंसा सहित कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इस संबंध में आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से आगामी 15 दिनों के भीतर कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय में लिखित दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

## एसजीएच की दीदी के परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से मिला दो लाख रुपये का लाभ, कठिन समय में बना मजबूत सहारा

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** ग्रामीण महिलाओं की सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना लगातार सकारात्मक परिणाम दे रही है। यह योजना विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्य महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत मनवारी के जीवन माँ दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य रही स्वर्गीय इन्द्रावती विश्वकर्मा के परिवार को योजना का बीमा लाभ प्रदान किया गया। स्वाभाविक निधन के बाद उनके नामित वारिस रामज्ञया विश्वकर्मा को योजना के तहत दो लाख रुपये की बीमा दावा राशि प्रदान की गई।

## वन परिक्षेत्र कोलारस के अन्तर्गत अतिक्रमण के विरूद्ध की गई कार्यवाही, 250 बीघा वनभूमि मुक्त कराई गई



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** सामान्य वनमण्डल शिवपुरी के अन्तर्गत अतिक्रमण निरोधी मुहिम के तहत वन परिक्षेत्र कोलारस की सबरेंज कोलारस-ब की बीट राई के कक्ष क्रमांक पी.एफ.1195 में अतिक्रमणकर्ता रघुवीर धाकड़, शिवनारायण धाकड़, रामसिंह धाकड़, सीताराम धाकड़ द्वारा लगभग 250 बीघा वनभूमि पर अतिक्रमण कर, कब्जा किए हुए थे। वर्तमान में उक्त अतिक्रमित वनभूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा खेती की जा रही थी।

उक्त अतिक्रमण के बिन्दु को जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्मिलित किया जाकर एवं वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल शिवपुरी के निर्देशन में तथा उप वनमण्डलाधिकारी करैरा एवं वन परिक्षेत्राधिकारी कोलारस के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र कोलारस, वन परिक्षेत्र बदरवास के समस्त वन अमले, उड़नदस्ता दल वनवृत्त शिवपुरी एवं उड़नदस्ता दल सामान्य वनमण्डल शिवपुरी, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल बल की सहायता से 06 जे.सी.बी. मशीनों एवं 06 ट्रैक्टर मय कल्टीवेटरों द्वारा उक्त वन भूमि पर खड़ी फसल को नष्ट कर, अतिक्रमित वनभूमि को मुक्त कराया एवं मौके पर कंटूरट्रैच खुदवाई गईं। जिसके उपरान्त उक्त स्थल को वृक्षारोपण कर, वन आच्छादित किया जावेगा। कार्यवाही में मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नायब तहसीलदार कोलारस, थाना प्रभारी कोलारस, थाना प्रभारी तेन्दुआ भी मौजूद रहे। इसी प्रकार वन मण्डल शिवपुरी के समस्त परिक्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाती रहेगी एवं सामान्य जन से अपील की जाती है कि, वन भूमि पर अतिक्रमण न करें एवं वन सम्पदा संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

### जनकपुर में 8 दिसंबर को लगेगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला अप्रेंटिसशिप मेला

## युवाओं को मिलेगा रोजगार का सुनहरा अवसर




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** जनकपुर स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आगामी 08 दिसंबर 2025, सोमवार को भारत सरकार की नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अंतर्गत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस विशेष रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में दसवीं, बारहवीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण युवा प्रतिभागियों को अपने कौशल और योग्यता के अनुरूप रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप अवसर प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। संस्था द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मेले में प्रदेश और आसपास के विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों को आमंत्रित किया गया है, जहां उद्योग स्वामी और प्रबंधक स्वयं उपस्थित होकर अपनी आवश्यकता अनुसार युवाओं का चयन करेंगे।

प्रतिभागी छात्र-छात्राएं अपने संपूर्ण मूल दस्तावेज और छायाप्रतियां साथ लाकर पंजीयन करा सकते हैं तथा अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया भी स्थल पर ही पूरी कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों में दसवीं और आईटीआई की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, राशन कार्ड और दो पासपोर्ट साइज के फोटो अनिवार्य हैं।

संस्था ने जिले के सभी इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए समय पर उपस्थित हों और अपने करियर को नई दिशा दें। अधिक जानकारी हेतु योजना प्रभारी से 8458859820 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बरदर के किसान सुशील कुमार की सुव्यवस्थित खरीदी व्यवस्था ने बढ़ाया भरोसा, सरकार को दिया धन्यवाद

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 किसानों के लिए उम्मीद, सम्मान और विश्वास की नई दिशा लेकर आया है। बरदर उपार्जन केंद्र पहुंचने पर ग्राम बरदर के किसान सुशील कुमार का इस बार का अनुभव बिल्कुल अलग था। अपनी मेहनत से उपजाए 100 क्विंटल धान को लेकर जैसे ही वे केंद्र पहुंचे, उन्हें हर कदम पर बदलाव और सुचारु व्यवस्था का एहसास हुआ।

**उपार्जन केंद्र में बेमिसाल व्यवस्थाः** सुशील कुमार का कहना है कि इस बार उपार्जन केंद्र का माहौल पूरी तरह बदला हुआ नजर आया। परिसर साफ-सुथरा था, किसानों के लिए व्यवस्थित कतारें थीं, पर्याप्त बारदाने की उपलब्धता थी, साथ ही पीने के पानी और बैठने की सुविधा ने पूरी प्रक्रिया को सहज और सम्मानजनक बना दिया। तौल प्रक्रिया में रही पारदर्शिता ने किसानों का भरोसा और मजबूत किया।

**किसानों की मेहनत को मिल रहा सम्मानः** सुशील कुमार मुस्कुराते हुए बताते हैं कि पहले खरीदी को लेकर हमेशा भीड़, देरी और समस्याएँ सामने आती थीं, लेकिन इस बार न कोई अव्यवस्था दिखी और न ही किसी प्रकार की परेशानी। उन्होंने कहा कि इस बार ऐसा लगा मानो किसानों की मेहनत को वास्तव में सम्मान मिल रहा है और पूरी प्रक्रिया किसानों को केंद्र में रखकर बनाई गई है।

**समर्थन मूल्य ने बढ़ाई आर्थिक सुरक्षाः** राज्य सरकार द्वारा घोषित 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य और प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी सीमा को सुशील कुमार किसानों की आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार बताते हैं। वे कहते हैं कि इस निर्णय ने किसानों को सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ने का आत्मविश्वास दिया है।

**मुख्यमंत्री को किसान ने दिया धन्यवादः** व्यवस्था से प्रभावित होकर सुशील कुमार ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खरीदी व्यवस्था में आए सुधारों ने किसानों को राहत और विश्वास दोनों प्रदान किए हैं। उनके अनुसार यह बदलाव किसानों के जीवन में सकारात्मक असर ला रहा है।

पूरे क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा

बरदर उपार्जन केंद्र का सकारात्मक अनुभव न सिर्फ सुशील कुमार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणादायक बन रहा है। यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि जब व्यवस्थाएँ संवेदनशील, सुव्यवस्थित और पारदर्शी होती हैं, तो किसान केवल फसल ही नहीं उगाते, बल्कि राज्य के भविष्य की मजबूत नींव भी तैयार करते हैं।

### गुंडागर्दी करने वाला युवक कान पकड़कर पुलिस को सॉरी बोला, शहर भर में घुमाया, लोगों को डराता-धमकाता था

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** जिले में गुंडागर्दी कर दहशत फैलाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पहले उसे थाने में कान पकड़कर उठक-बैठक कराई, फिर शहर में घुमाया और अंत में जेल भेज दिया। मामला चिरमिरी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, डोमनहील का रहने वाला विक्रम सिंह उर्फ विक्की लगातार क्षेत्र में घूम-घूम कर आम नागरिकों के साथ अश्लील गाली-गलौज करता था। वह जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करता था और क्षेत्र में आतंक मचाता था। युवक के खिलाफ कई शिकायतें दर्ज की गई थीं। सिद्धार्थ सिंह आंडिल, अमित कुमार बेहरा, अविनाश मनहर, सीमा रवि और शत्रुघन सिंह सहित कई लोगों ने उसके खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी।

## एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ के साथ हुई दुर्व्यवहार पर सरपंच पति ने एसडीएम कार्यालय जाकर मांगी माफी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** ग्राम पंचायत बिछियाटोला में 29 नवंबर 2025 को आयोजित ग्राम सभा के दौरान स्ङ्क्रकार्य में लगे बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुष्मिता तिवारी के साथ सरपंच पति दीप नारायण द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला अब प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है। ग्राम सभा में बाल विवाह मुक्त शपथ कार्यक्रम को लेकर सुष्मिता तिवारी सरपंच सोनकुंवर से औपचारिक चर्चा कर रही थीं, तभी सरपंच पति ने बीच में दखल देते हुए न सिर्फ सभा की प्रक्रिया में बाधा डाली, बल्कि दुर्व्यवहार कर सभा की गरिमा को ठेस पहुंचाई।

इससे पूर्व भी भारत निर्वाचन आयोग के तहत संचालित स्ङ्क्र पंचनामा कार्य के दौरान सरपंच सोनकुंवर को हस्ताक्षर करने से रोकने का मामला सामने आ चुका है। शिकायत के बाद केल्हारी तहसीलदार सतरूपा साहू ने हस्तक्षेप करते हुए सरपंच पति को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि स्ङ्क्रप्रक्रिया में सरपंच द्वारा हस्ताक्षर पंचनामा कराना पूरी तरह अनिवार्य है तथा कोई भी व्यक्ति शासकीय कार्य में अनधिकृत रूप से बाधा पैदा नहीं कर सकता।

एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ अभद्रता किए जाने के बाद सरपंच पति दीप नारायण ने अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय केल्हारी में उपस्थित होकर एसडीएम श्रीमती इंदिरा मिश्रा के समक्ष अपने व्यवहार के लिए मौखिक और लिखीत रूप से माफी मांगी।

एसडीएम इंदिरा मिश्रा ने माफी स्वीकार करते हुए सख्त चेतावनी दी कि शासकीय कार्य में लगे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार, अवरोध या दबाव डालने जैसी घटनाओं को प्रशासन गंभीर अपराध की श्रेणी में मानता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी घटना के दोहराव पर प्रशासन द्वारा कठोर और तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व मृदा दिवस पर स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी थीम पर हुआ आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** भाकृअनुप-कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन 9 जबलपुर एवं निदेशालय विस्तार सेवाएं रा.वि.सिं.कृ.वि.वि, ग्वालियर के निर्देशानुसार 5 दिसम्बर 2025 को विश्व मृदा दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पुनीत कुमार के निर्देशन में किया गया। विश्व मृदा दिवस के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2025 के लिए तय की गई थीम 'स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी पर विचार गोष्ठी, प्रतियोगिता सह व्याख्यानों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश शर्मा, विभाग संयोजक स्वदेशी जागरण मंच एवं विशिष्ठ अतिथि ग्राम पंचायत पिपरसमां के सरपंच हक्के धाकड़ रहे।

विश्व मृदा दिवस पर कृषि महाविद्यालय ग्वालियर के कृषि स्नातक चतुर्थ वर्ष के रावे छात्रों एवं आस्था एग्रीकल्चर एकेडमी से आए सुनील धाकड़, संचालक शैलेन्द्र वर्मा के समन्वय में आये आस्था एग्रीकल्वर एकेडमी कृषि छात्र-छात्राओं एवं कृषकों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि राकेश शर्मा द्वारा अपने उ?द्बोधन में मृदा को भूमि मों का जो दर्जा है उसके बारे में विस्तार से बतलाते हुए प्राकृतिक खेती ग्राम समृद्धिः स्वेदशी वस्तुओं का उपयोग और गांव का पैसा गांव में शहरों का पैसा भी गांव में आये ऐसी कृषि उद्यामिता के बारे में कृषकों एवं कृषि छात्रों को समझाया।

विशिष्ठ अतिथि हक्के धाकड द्वारा प्राकृतिक खेती की शुरूवात स्वंय के द्वारा करने और सभी किसान बंधुओं को कुछ क्षेत्र से करने का आवाहान भी किया।

कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के नोडल अधिकारी डॉ एम.के.भार्गव द्वारा प्राकृतिक खेती क्यों, कहा और कैसे करने एवं शिवपुरी जिले की मिटट्टी, फसल पद्धति तथा विविधिता विषय पर पावर पांइट के माध्यम से व्याख्यान दिया और जिज्ञासाओं को समाधान किया। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला विख शिवपुरी से आये प्रयोगशाला प्रभारी योगेन्द्र शर्मा एवं सहयोगी नरेन्द्र कौरव द्वारा भी मिट्टी नमूना संग्रहण, परीक्षण तकनीक एवं रिपोर्ट विश्लेषण पर जानकारी दी गई।

मृदा स्वास्थ्य और पर्यावरण हितेषी कृषि तकनीकियो पर कृषि छात्र-छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विभिन्न मृदा थीम पर प्रथम, द्वितीय एवं सांत्वना पुरूस्कार भी किये गये। कार्यक्रम में कुल 80 से अधिक सहभागिता रही। वहीं प्रदर्शन इकाईयों का भ्रमण वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मी एवं रावे छात्रों द्वारा कराया गया। आयोजन में सहभागिता के साथ डॉ प्रशान्त कुमार गुप्ता, डा नीरज कुशवाहा, विजय प्रताप सिंह एवं सतेन्द्र गुप्ता की भी सक्रिय भागीदारी रही।

## एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** प्रधान जिला न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में एएनएम ट्रेनिंग सेंटर जिला चिकित्सालय शिवपुरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी एवं आनंदम विभाग के समन्वय से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित एएनएम को रंजना चतुर्वेदी, सचिव जिलाधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी के द्वारा निशुल्क विधिक सहायता एवं महिलाओं के अधिकार तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, मध्यस्थ योजना आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस अवसर पर आनंदम विभाग से उपस्थित अधिकारीगण द्वारा आनंदम विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## रतलाम में 60 मैरिज गार्डन को नोटिस तेज आवाज में डीजे बजाया तो होगी कार्रवाई



**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम में शादी समारोहों में देर रात तक तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर अब सख्ती शुरू हो गई है। पुलिस विभाग ने नियमों का पालन न करने पर शहर और जिले के 60 मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी किए हैं। अधिकारियों की टीम रात में खुद मैरिज गार्डनों पर पहुंचकर अचानक जांच कर रही है। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट और शासन के निर्देशों के बाद एसपी अमित कुमार के आदेश पर यह अभियान चलाया गया। एएसपी राकेश खाखा के साथ थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद मैरिज हॉल, गार्डन और धर्मशालाओं में पहुंचे। जहां उन्होंने ध्वनि सीमा और समय नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच की। 10 बजे के बाद डीजे पूरी तरह बंद रखने के निर्देश

जांच के दौरान कई स्थलों पर नोटिस चस्पा कर संचालकों को चेतावनी दी गई। नोटिस में साफ कहा गया है कि शादी कार्यक्रम में तेज आवाज या अमानक स्तर पर डीजे चलाना प्रतिबंधित रहेगा। रात 10 बजे के बाद डीजे पूरी तरह बंद करना अनिवार्य है। साथ ही आवाज की सीमा 45 से 55 डेसीबल से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**आज संचालकों के साथ बैठक :** एएसपी खाखा ने बताया कि नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। इसी को लेकर पुलिस विभाग शुक्रवार शाम 4 बजे मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक भी करेगा, जिसमें आगे की व्यवस्था और निर्देश बताए जाएंगे।



## पन्ना में वाहन ने युवक को मारी टक्कर

**पन्ना, एजेंसी।** पन्ना में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायल युवक को सड़क किनारे तड़पता छोड़ दिया गया था। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। युवक ने अपना नाम मन्नू बताया है। वह नेशनल हाईवे-39 पर पन्ना-सतना मार्ग अंतर्गत सकरिया से देवेंद्रनगर की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि युवक करीब आधे घंटे तक सड़क किनारे पड़ा रहा, जिसके बाद राहगीरों ने उसे देखकर 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। ड्यूटी डॉक्टर सुधीर सिंह चौहान ने बताया कि युवक के पैर, सिर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। उसका उपचार जारी है। पन्ना पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है। साथ ही, युवक की पहचान स्थापित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण युवक अपने परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहा है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को घायल युवक के संबंध में कोई जानकारी हो, तो वे तत्काल जिला चिकित्सालय पन्ना चौकी या पन्ना कोतवाली पुलिस से संपर्क करें।

## शहडोल में कुएं में गिरी गाय को बचाया

**शहडोल,एजेंसी।** शहडोल में मेडिकल कॉलेज के पास एक पुराने कुएं में शुक्रवार सुबह एक गाय गिर गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और गौसेवक मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। कुएं की गहराई अधिक होने और उसके किनारे कमजोर होने के कारण बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण था। गौसेवक जितेंद्र सिंह और प्रकाश सेन ने मौके पर पहुंचकर रस्सियों और अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की। कुएं में फंसी गाय को शांत कर सुरक्षित बाहर निकालना मुख्य चुनौती थी। गौसेवकों ने कुएं के अंदर रस्से बांधकर गाइडलाइन तैयार की। ग्रामीणों की मदद से रस्सियों के सहारे गाय को धीरे-धीरे ऊपर खींचना शुरू किया गया। मौके पर मौजूद भीड़ ने शांति बनाए रखी, ताकि गाय भयभीत न हो। लगभग एक घंटे के अथक प्रयास के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाहर आने पर उसे पानी पिलाया गया और उसके शरीर से मिट्टी साफ की गई।

# सागर में 30 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस स्कूल में अनुपस्थित मिले

### एक दिन का वेतन काटने और वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश

**सागर, एजेंसी।** सागर जिले में शासकीय विद्यालयों में कार्यरत लोकसेवकों को ई-अटेंडेंस लगाए जाने के संबंध में बार-बार निर्देशित किया जा रहा है। शैक्षणिक अमला समय पर विद्यालयों में उपस्थित हो इसके लिए लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में स्कूल में अनियमितताएं मिलने और अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने विकासखंड शाहगढ़ और बंडा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक गूगरा खुर्द, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सेमरा रामचन्द्र, शासकीय माध्यमिक शाला जगथर, शासकीय प्राथमिक शाला बिजरी और शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कांटी का औचक निरीक्षण किया।




निरीक्षण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक गूगरा खुर्द में विद्यालय में प्रार्थना होती हुई पाई गई। इस दौरान कार्यरत शिक्षक अरविंद जैन उच्च माध्यमिक शिक्षक, डॉ. कीर्ति तिवारी उच्च माध्यमिक शिक्षक, रश्मि चतुर्वेदी अतिथि शिक्षक, प्रतिभा दुबे अतिथि शिक्षक, अशोक गौतम अतिथि शिक्षक, देवी अहिरवार अतिथि शिक्षक, गौरव लोधी अतिथि शिक्षक, भूपेन्द्र वर्मा अतिथि शिक्षक और रीना लोधी अतिथि शिक्षक अनुपस्थित थीं।

**अनुपस्थित शिक्षकों की रोकी वेतन वृद्धि** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सेमरा रामचन्द्र निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत लता गोस्वामी प्राथमिक शिक्षक अनुपस्थित पाई गई। विद्यालय में छात्र-छात्राएं उपस्थित नहीं पाए गए। जिसके चलते प्रभारी प्रधानाध्यापक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

शासकीय माध्यमिक शाला जगथर निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत राजकुमार घोषी प्राथमिक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए और सचिन कुमार जैन अतिथि शिक्षक, मधुर कुमार जैन अतिथि शिक्षक विद्यालय में उपस्थित पाए गए। लेकिन उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर नहीं पाए गए। शासकीय प्राथमिक शाला बिजरी निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत सुनीता तिवारी प्रभारी प्रधानाध्यापक, राजबहादुर सिंह ठाकुर प्राथमिक शिक्षक, कल्याण प्रसाद साहू प्राथमिक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। छात्र-छात्राएं विद्यालय मैदान में घूमते हुए मिले। जिससे कि तीनों अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने और एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की कार्रवाई की गई।

**विद्यालय परिसर में मिले पशु** इसी दौरान शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कांटी के निरीक्षण के दौरान विद्यालय संचालित पाया गया। विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों द्वारा बताया गया कि विद्यालय का पुराना भवन जर्जर हो जाने के कारण गिरा दिया गया है। जिससे विद्यालय दो पालियों में लगाया जा रहा है। विद्यालय परिसर में पशु विचरण करते पाए गए और गंदगी पाई गई। जिस कारण विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हर्ष खरे माध्यमिक शिक्षक और मंतराम अहिरवार विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र बंडा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। विद्यालय को एक पाली में संचालित किय जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अन्य विद्यालयों को निरीक्षण किया गया। अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई की गई।

## बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, 6 घायल-सिवनी मालवा में खिड़कियों से सुरक्षित निकाले गए यात्री, 15 लोग थे सवार



**सिवनी मालवा, एजेंसी।** सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र की डोलरिया के पास एक यात्री बस और पराली से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार छह यात्री घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार रात तकरीबन 7 बजे की है।

**यात्री बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से मारी टक्कर :** जानकारी के अनुसार, नर्मदापुरम की ओर जा रही यात्री बस ने पराली से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि आसपास के क्षेत्र में तेज आवाज सुनाई दी। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रुक गई। बस के अंदर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

**बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त :** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस तेज रफ्तार में थी और पराली से भरी ट्रॉली के कारण ट्रैक्टर की दृश्यता कम थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**बस में कुल 15 यात्री थे सवार:** थाना प्रभारी खुमान सिंह पटेल ने बताया कि बस में कुल 15 यात्री सवार थे। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और यात्रियों को खिड़कियों व दरवाजों से निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले गए। सूचना मिलने पर डोलरिया पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी छह घायल यात्रियों को अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर आवाजाही प्रभावित हो गई, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवागमन बहाल कराया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## मंदिर में चोरी करने वाले जीजा-साले निकले : खंडवा में दीवाल शिव मंदिर से तांबे के नागदेवता की मूर्ति चोरी का खुलासा

**खंडवा, एजेंसी।** पंधाना के ग्राम दीवाल स्थित प्राचीन शिव मंदिर से तांबे के नागदेवता की चोरी की वारदात का पंधाना पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं, वो रिश्ते में सगे जीजा और साले हैं। पुलिस ने चोरी किया गया तांबे का नागदेवता बरामद किया है।

**पूरा घटनाक्रम :** मंगलवार-बुधवार की रात स्थित प्राचीन शिव मंदिर से तांबे के नागदेवता की मूर्ति चोरी हुई। मंदिर के सेवादार ने बुधवार सुबह चोरी की सूचना पंधाना पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।



**जीजा-साले ने मिलकर की थी चोरी:** आरोपी राम उर्फ दादूराम और उसके जीजा लोकेश उर्फ नाना ने मिलकर इस चोरी को अंजाम दिया था। दोनों ने मंगलवार की रात मंदिर का दरवाजा खोलकर शिवलिंग पर रखा तांबे का नागदेवता चोरी किया था।

**तीन अन्य चोरियों का भी खुलासा किया:** पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने तीन अन्य चोरियों का खुलासा किया है। इनमें दीवाल शिव मंदिर, अमलपुरा शिव मंदिर और टाकलीकलां में मकान चोरी शामिल हैं। अमलपुरा मंदिर से 10 हजार रुपए नकद चोरी किए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 250 ग्राम वजनी, 10 हजार रुपए मूल्य का तांबे का नागदेवता बरामद किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय खंडवा में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## 7 लाख के मवेशियों से भरा कंटेनर जब्त, 3 गिरफ्तार

### जबलपुर से यूपी ले जाते समय सतना पुलिस ने पकड़ा



**सतना, एजेंसी।** सतना पुलिस ने जबलपुर से उत्तर प्रदेश ले जाए जा रहे 7 लाख रुपए मूल्य के 26 भैंस-पड़ा से भरे एक कंटेनर ट्रक को जब्त किया है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई गुरुवार रात बगदरा घाटी में मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस के अनुसार, मझगवां की ओर से आ रहे कंटेनर ट्रक क्रमांक एमएच 40 बीजी 7433 को रोका गया। तलाशी लेने पर उसमें 26 भैंस-पड़ा लदे पाए गए, जिनकी कीमत लगभग 7 लाख रुपए आंकी गई है। वाहन चालक मोहम्मद अयाज (38 वर्ष, निवासी भोगनीपुर-रामबाई नगर, कानपुर, यूपी), उसके सहयोगी मोहम्मद शहनवाज (35 वर्ष, निवासी गोहलपुर, जबलपुर) और मोहम्मद नदीम (26 वर्ष, निवासी हनुमान ताल, जबलपुर) से पशुओं की खरीद और परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे गए। हालांकि, वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके बाद, पुलिस ने 7 लाख रुपए के मवेशियों और 10 लाख रुपए के ट्रक को जब्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि भैंस-पड़ा को जबलपुर की तरफ से ही वाहन में लादकर ले जाया जा रहा था। पुलिस अब आरोपियों से पशुओं की खरीद-बिक्री और अवैध परिवहन में शामिल अन्य व्यापारियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

## हरपालपुर में ओवरलोड ट्रक हाइट गेज में फंसा

### रेलवे ट्रैक पर लंबा जाम, बाईपास बनाने की मांग

**छतरपुर,एजेंसी।** छतरपुर के हरपालपुर में रेलवे ट्रैक के पास अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। यह समस्या मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित हरपालपुर में उत्पन्न होती है, जहां से उत्तर प्रदेश की ओर से आने वाले भारी और ओवरलोड ट्रक गुजरते हैं।

इस जाम के कारण स्थानीय निवासियों के साथ-साथ मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के यात्रियों को भी आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं, जिससे उनका बहुमूल्य समय बर्बाद होता है। गुरुवार देर रात इस समस्या से जुड़े कुछ वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो में रेलवे ट्रैक के पास बने हाइट गेज (बैरिकेड) में एक ओवरलोड ट्रक फंसा हुआ दिखाई दे रहा है। इसके चलते सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया।

वीडियो में यह भी दिख रहा है कि एक व्यक्ति ट्रक के ऊपर चढ़कर तिरपाल और रस्सी को खींचने का प्रयास कर रहा है। इस दौरान रेलवे की पटरी भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

क्षेत्रीय लोगों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि रेलवे ट्रैक के ऊपर से 33000 वोल्टेज की बिजली लाइन गुजर रही है। ट्रक पर चढ़े व्यक्ति के बिजली की चपेट में आने से किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।



इसके अतिरिक्त, रेलवे लाइन पर किसी भी समय ट्रेन आ सकती है, जिससे एक और गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिला प्रशासन को इस गंभीर समस्या की जानकारी होने के बावजूद भी अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है।

स्थानीय निवासियों ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर के बाहर एक बाईपास सड़क के निर्माण की मांग की। उनका कहना है कि बाजार के भीतर सिंगल रोड होने के कारण क्रॉसिंग के दौरान अक्सर बड़े वाहन फंस जाते हैं, जिससे जाम लगता है।

इस संबंध में रेलवे विभाग के पीआरओ मनोज सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

## अतिथि शिक्षकों को परेशान करने पर प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**हरदा, एजेंसी।** हरदा जिले के मगरधा गांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीयूष राठौर को गुरुवार को निलंबित कर दिया गया। लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग के संयुक्त संचालक मनीष वर्मा ने यह कार्रवाई अतिथि शिक्षकों को परेशान करने और अन्य अनियमितताओं की शिकायतों के बाद की है। जानकारी के अनुसार, अतिथि शिक्षकों ने प्रभारी प्राचार्य राठौर के खिलाफ गड़बड़ी की शिकायत कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से की थी। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) डी.एस. रघुवंशी ने शिकायत संबंधी दस्तावेज संयुक्त संचालक, नर्मदापुरम को भेजे थे। संयुक्त संचालक द्वारा की गई जांच में प्रभारी प्राचार्य पीयूष राठौर को कई अनियमितताओं में दोषी पाया गया। इनमें अतिथि शिक्षकों को अनुपस्थित अवधि का मानदेय भुगतान करना, विद्यार्थियों से प्रवेश पत्र वितरण के समय अतिरिक्त राशि वसूलना, संबल योजना के तहत विद्यार्थियों की बोर्ड द्वारा माफ की गई परीक्षा शुल्क वापस न करना और शैक्षणिक सत्र 2024-25 की अतिथि शिक्षक उपस्थिति पंजी का गुम होना शामिल है। जांच में यह भी सामने आया कि उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल हुए थे और समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुई थीं, जिससे विभाग की छवि धूमिल हुई।

# निंबोला ओवरब्रिज पर गन्ना भरी ट्रॉली पलटी, 11 घंटे जाम इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर वाहनों की 8 किमी लंबी कतार; एंबुलेंस भी फंसी रही

**बुरहानपुर, एजेंसी।** बुरहानपुर में इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर गुरुवार रात निंबोला रेलवे ओवरब्रिज पर एक गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से लंबा जाम लग गया। रात करीब साढ़े आठ बजे हुए इस हादसे के कारण हाईवे पर दोनों तरफ लगभग 8 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई।

यह जाम रात साढ़े आठ बजे से शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात से आठ बजे तक, यानी लगभग 11 घंटे से अधिक समय तक बना रहा। इस दौरान सैकड़ों वाहन धीमी गति से रेंगते रहे, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। निंबोला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। यह घटना बुरहानपुर जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम निंबोला के पास रेलवे ओवरब्रिज पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्रैक्टर पर दो ट्रॉलियां जोड़कर गन्ना झिरी स्थित शकर कारखाने ले जाया जा रहा था। ओवरब्रिज पर अचानक कुंदा टूटने से ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और गन्ना सड़क पर बिखर गया।



**गन्ना सड़क पर फैलने से आवाजाही प्रभावित हुई** इस दुर्घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई। हालांकि, सड़क पर गन्ना फैलने के कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। जाम में एक एम्बुलेंस भी फंस गई थी, जिसे निंबोला गांव के निखिल पाटिल ने रास्ता बताकर बसाड़ होते हुए इंदौर की ओर रवाना किया। एम्बुलेंस में एक मरीज था। जाम में फंसी यात्री बसों और अन्य वाहनों के चालक व यात्री करीब 11 घंटे तक फंसे रहे। कई वाहन चालकों को ढाबों और हाईवे पर ही रात गुजारनी पड़ी। गौरतलब है कि यह मार्ग फोरलेन बन रहा है, लेकिन कई जगहों पर सड़क की स्थिति खराब है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गन्ना परिवहन के दौरान एक ही ट्रैक्टर पर दो ट्रॉलियां जोड़ने से पहले ऐसे हादसे हो चुके हैं।

## नहर में मिला युवक का शव मुरैना के पहाड़गढ़ इलाके के धूरकूड़ा का मामला

**मुरैना, एजेंसी।** कैलारस उप स्वास्थ्य केंद्र पर रखा शवपहाड़गढ़ थाना क्षेत्र के धूरकूड़ा गांव स्थित नहर (कैनाल) में गुरुवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नहर में शव दिखाई देने पर ग्रामीणों ने तुरंत पहाड़गढ़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए कैलारस उपस्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां शाम करीब चार बजे पीएम किया गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सुरेंद्र जाटव (37) निवासी जाफराबाद, जौरा के रूप में हुई है। शव की तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर पहचान की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को फोन कर सूचना दी।

## नाली में गिरने से 7 माह के मासूम की मौत

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम के चंद्रपुरा गांव में गुरुवार शाम घर में खेल रहे 7 महीने के बच्चे की नाली में गिरने से मौत हो गई। परिवार जब उसे तलाशते हुए बाहर पहुंचा तो बच्चा नाली में मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद घर में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार मृतक बच्चे का नाम देव यादव था, जो तीन बहनों का इकलौता भाई था। परिजनों ने बताया कि वह घुटनों के बल चलना सीख चुका था और अक्सर घर में इधर-उधर घूमता रहता था। गुरुवार शाम घर में मां और बड़ी मां मौजूद थीं, तभी बच्चा अचानक नजर नहीं आया। स्कूल से लौटी उसकी बहनों ने जब घर में भाई को नहीं देखा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। कुछ देर बाद बच्चा घर के बाहर नाली में मिला, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन



डॉक्टरों ने जांच के बाद देव को मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया।देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विराट कोहली तीसरे वनडे में भी लूट सकते हैं महफिल

## विशाखापत्तनम में सर्वाधिक रन और शतक का रिकॉर्ड

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी तीन वनडे मैचों की सीरीज में बेहतरीन फॉर्म में दिखे हैं। कोहली ने सीरीज के पहले दोनों वनडे मैचों में शतक लगाए हैं। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच विशाखापत्तनम में शनिवार को खेला जाएगा। इस मैच में भी विराट कोहली बड़ा स्कोर बनाते हुए महफिल लूट सकते हैं। विराट का इस मैदान पर बेहतरीन रिकॉर्ड है। विराट ने रांची में खेले गए पहले वनडे में 120 गेंद पर 135 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। विराट का वनडे में यह 52वां शतक था। इस शतक के साथ ही विराट ने किसी भी फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। विराट के इस शतक का रोमांचक कम भी नहीं हुआ था कि रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में विराट ने फिर शतक लगा दिया। दूसरे वनडे में विराट ने 93 गेंद पर 102 रन की पारी खेली। पिछले दोनों मैच और पूर्व के रिकॉर्ड को देखते हुए कहा जा सकता है कि विराट विशाखापत्तनम में शनिवार को खेले जाने वाले तीसरे मैच में भी बड़ी पारी खेल सकते हैं। विराट कोहली विशाखापत्तनम में सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं। विराट ने 2011 से 2023 के बीच यहां खेले 7 वनडे मैचों में 3 शतक और 2 अर्धशतक लगाते हुए 587 रन बनाए हैं। 2011 से 2023 के बीच यहां खेले 7 वनडे मैचों में 3 शतक और 2 अर्धशतक लगाते हुए 587 रन बनाए हैं। उनका औसत 97.83 का है। ये आंकड़े इस बात का सबूत हैं कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में कोहली एक बार फिर विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकते हैं और फैंस को अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से फिर से रोमांचित कर सकते हैं।



## मोहम्मद शमी का शानदार प्रदर्शन, मात्र 13 रन देकर झटके 4 विकेट, सेना को हराकर बंगाल शीर्ष पर

**हैदराबाद ।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के 13 रन पर 4 विकेट से बंगाल ने यहां सैयद मुशताक अली ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में सेना को सात विकेट से हरा दिया। यह बंगाल की पांच मैच में चौथी जीत है और अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम 16 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है।

टीम ने इसके साथ ही नॉकआउट में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत कर दिया है। आईपीएल नीलामी में उतर रहे ईश्वरन ने 37 गेंद में 58 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक पोरेल (29 गेंद में 56 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े जिससे बंगाल ने 166 रन के लक्ष्य को 15.1 ओवर में ही हासिल कर लिया।

इससे पहले मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए शमी ने 13 रन देकर चार जबकि आकाशदीप ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे सेना की टीम 18.2 ओवर में 165 रन पर सिमट गई। ऋतिक चटर्जी ने भी 32 रन देकर दो विकेट चटकाए।



## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी- केएम आसिफ का पंच, केरल ने मुंबई को 15 रन से हराया

**लखनऊ, एजेंसी।** इकाना क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए के मुकाबले में केरल ने मुंबई को 15 रन से हरा दिया। केरल की जीत में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज केएम आसिफ की अहम भूमिका रही। आसिफ ने 24 रन देकर 5 विकेट झटके। केरल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पारी की शुरुआत करने उतरे कप्तान संजू सैमसन के 28 गेंद पर 1 छक्का और 8 चौकों की मदद से बनाए 46 रन, विष्णु विनोद के 40 गेंद पर 43 रन, मोहम्मद अजहरुद्दीन के 25 गेंद पर 32 और शराफुद्दीन के 15 गेंद पर 35 रन की मदद से टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। मुंबई के लिए कप्तान शार्दुल ठाकुर, अथर्व अंकोलेकर, शम्स मुलानी, साइराज पाटिल और शिवम दुबे ने 1-1 विकेट लिए।

179 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे महज 3 रन बनाकर शराफुद्दीन की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद अजिंक्य रहाणे ने 18 गेंद पर 32, सरफराज खान ने 40 गेंद पर 52 और सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंद पर 32 रन बनाए, लेकिन निचले क्रम की असफलता ने मुंबई को विजयी लक्ष्य से दूर रखा। मुंबई 19.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। केरल की तरफ से केएल आसिफ ने 3.4 ओवर में 24 रन देकर 5 विकेट लिए। विग्नेश पुथुर ने 2, शराफुद्दीन, एम डी निधिश, और अब्दुल बासित ने 1-1 विकेट लिए। मुंबई की यह सीजन की पहली हार थी। केरल की पांचवें मैच में यह तीसरी जीत थी। इस जीत के साथ केरल के 12 अंक हो गए हैं। ग्रुप ए में केरल तीसरे स्थान पर है। 5 मैचों में 4 जीत के साथ मुंबई पहले और 5 मैचों में 4 जीत के साथ आंध्र की टीम दूसरे स्थान पर है।

## एशेज- ऑस्ट्रेलिया की धरती पर जो रूट का पहला शतक, अकेले दम इंग्लैंड को संभाला

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज (2025-26) के दूसरे टेस्ट की शुरुआत गुरुवार से ब्रिसबेन के गाबा में हुई। पहला दिन इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज जो रूट के लिए यादगार रहा। रूट ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अपना पहला टेस्ट शतक लगाया। यह उनके करियर का 40वां टेस्ट शतक है। जो रूट ऑस्ट्रेलिया में अपना 16वां टेस्ट खेल रहे हैं। दुनियाभर के मैदानों में शतक लगाने के लिए मशहूर रूट ने अपने एक दशक से भी लंबे करियर में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर शतक नहीं लगाया था। रूट ने इस कमी को पूरा कर दिया है और वो भी उस गाबा के मैदान में जहां बल्लेबाजी बेहद मुश्किल मानी जाती है। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए रूट ने अकेले दम इंग्लैंड की पारी को संभाला है और छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम को मजबूती की ओर ले जाने का जज्बा दिखाया है। रूट ने 181 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 40वां शतक है। गाबा में शतक लगाने वाले रूट इंग्लैंड के आठवें बल्लेबाज हैं। उनसे पहले मॉरिस लेलैंड, टोनी ग्रेग, इयान बॉथम, मार्क बुचर, एंड्रयू स्ट्रॉस, एलिस्टयर कुक, और जोनाथन ट्रॉट लगा चुके हैं। गाबा में दोहरा शतक लगाने वाले एलिस्टर कुक इंग्लैंड के एकमात्र बल्लेबाज हैं। रूट, लेलैंड के बाद गाबा टेस्ट के पहले दिन सेंचुरी बनाने वाले दूसरे इंग्लिश प्लेयर हैं।



## जन्मतिथि विशेष: रविंद्र जडेजा के सामने नहीं कोई भारतीय बल्लेबाज, प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बनाया है ऐसा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी बेहतरीन गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। टेस्ट क्रिकेट में तो उनका कोई मुकाबला ही नहीं है। टेस्ट फॉर्मेट में वह लंबे समय से नंबर वन ऑलराउंडर हैं। जडेजा के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ऐसा रिकॉर्ड है जिसके आस-पास भारत का कोई भी बल्लेबाज नहीं है। जडेजा का जन्म 6 दिसंबर 1988 को नावागढ़, जामनगर, गुजरात में हुआ था। बचपन से ही क्रिकेटर बनने का सपना देखने वाले जडेजा ने 2006 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया था। इस खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर बल्लेबाज टीम इंडिया के लिए कई यादगार पारियां खेली हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनकी बल्लेबाजी बेहद प्रभावशाली रही है, लेकिन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जडेजा ने बतौर बल्लेबाज ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो अद्भुत है और ऐसा करने वाले वह भारत के एकमात्र क्रिकेटर हैं। जडेजा ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में तीन तिहरे शतक लगाए हैं। एक स्पिनर और निचले क्रम के बल्लेबाज के रूप में अपनी पहचान रखने वाले जडेजा का यह रिकॉर्ड असाधारण है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी जडेजा भारत के लिए बेहद मूल्यवान क्रिकेटर हैं। तीनों ही फॉर्मेट में जडेजा ने गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण के माध्यम से बड़ा योगदान दिया है। जडेजा चैंपियंस ट्रॉफी 2013, टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। 2009 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू करने वाले जडेजा का अंतरराष्ट्रीय करियर डेढ़ दशक से भी लंबा है। इतने लंबे करियर में जडेजा ने 89 टेस्ट, 206 वनडे और 74 टी20 खेले हैं। टी20 विश्व कप 2024 में जीत के बाद उन्होंने इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। टी20 की 41 पारियों में 515 रन के साथ ही 54 विकेट उनके नाम पर दर्ज हैं। टेस्ट और वनडे में जडेजा अभी भी सक्रिय हैं। टेस्ट में 6 शतक और 28 अर्धशतक की मदद से 4,095 रन और 348 विकेट उन्होंने लिए हैं। वहीं वनडे में 13 अर्धशतक की मदद से 2,862 रन और 231 विकेट उनके नाम हैं।

## शाई होप और जस्टिन ग्रिव्स ने वेस्टइंडीज की न्यूज़ीलैंड के खिलाफ कराई वापसी

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में शुरुआती झटके लगने के बाद शाई होप और जस्टिन ग्रिव्स की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने मैच में वापसी की है। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 531 रन का बड़ा लक्ष्य मिला है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय वेस्टइंडीज ने 4 विकेट पर 212 रन बना लिए थे। 531 रन का लक्ष्य पाने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 72 के स्कोर पर अपने 4 शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को गंवा दिया। ऐसा लग रहा था कि मैच का फैसला जल्द आ जाएगा, लेकिन शाई होप और जस्टिन ग्रिव्स ने शानदार और धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी की और दिन के बचे हुए ओवरों में न्यूजीलैंड को कोई और सफलता नहीं लेने दी। होप और ग्रिव्स पांचवें विकेट के लिए अब तक 140 रन की साझेदारी कर चुके हैं। शाई होप ने बेहतरीन शतक लगाया। होप 183 गेंद पर 1 छक्का और 15 चौकों की मदद से 116 रन बनाकर नाबाद हैं। वहीं ग्रिव्स 143 गेंद पर 6 चौकों की मदद से 55 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी 8 विकेट पर 466 रन बनाकर घोषित की थी। कप्तान टॉम लैथम ने 145 और रचिन रवींद्र ने 176 रन की पारी खेली थी। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच ने 5, ओजे शिल्ड्स ने 2 और जायडन सिल्स ने 1 विकेट लिए। पहली पारी में मिले 64 रन की बढ़त के आधार पर न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 531 रन का लक्ष्य दिया है। न्यूजीलैंड की पहली पारी 231 रन पर समाप्त हुई थी। वहीं वेस्टइंडीज अपनी पहली पारी में 167 पर सिमट गई थी। पांचवें और आखिरी दिन वेस्टइंडीज को जीत के लिए 319 की जरूरत होगी। वेस्टइंडीज की जीत, हार या मैच का ड्रॉ होना होप और ग्रिव्स पर निर्भर है।



## दौसा की तनिका शर्मा बनी अंडर-19 विमेन चैंपियनशिप में टीम राजस्थान की उप-कप्तान

**दौसा, एजेंसी।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-19 विमेन चैंपियनशिप के लिए दौसा की तनिका शर्मा को टीम राजस्थान का उप-कप्तान बनाया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि तनिका शर्मा का चयन राजस्थान टीम में हुआ है और उनके उप-कप्तान बनने से जिले के लिए यह गौरव की बात है। उनके चयन पर डीसीए के पदाधिकारी शोभना गुर्जर, शिवचरण शर्मा, रतन चंद एडवोकेट, विनय जैन, हीरा लाल सैन ने तनिका को बधाई और शुभकामनाएं दी। बीसीसीआई द्वारा आयोजित चैंपियनशिप के लिए राजस्थान टीम गुरुवार को इंदौर रवाना हुई, जहां टीम को मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ की टीम से 4 प्रैक्टिस मैच खेलने हैं। इसके बाद टीम त्रिवेंद्रम रवाना होगी, जहां टीम राजस्थान का पहला मुकाबला 19 दिसंबर को बड़ौदा के खिलाफ होगा। इस ग्रुप में राजस्थान के अलावा बड़ौदा, असम, गुजरात और दिल्ली की टीम शामिल है, जिसमें वन-डे मैच खेले जाएंगे। तनिका शर्मा के चयन से दौसा के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी क्रिकेट में प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



## वसीम अकरम से आगे निकले मिचेल स्टार्क, हैरी ब्रूक को आउट कर हासिल की बड़ी उपलब्धि

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** ब्रिसबेन के गाबा में गुरुवार से ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज (2025-26) का दूसरा टेस्ट शुरू हुआ। पहले दिन ही ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के धुरंधर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने पाकिस्तान के वसीम अकरम को पीछे छोड़ते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की। टेस्ट क्रिकेट में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड ब्रिसबेन टेस्ट के पहले तक पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम के नाम था। अकरम ने 1985 से 2002 के बीच 104 टेस्ट की 181 पारियों में 414 विकेट लिए थे। ब्रिसबेन टेस्ट से पहले स्टार्क के 101 टेस्ट में 412 विकेट थे। उन्हें अकरम का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 3 विकेट की जरूरत थी। गाबा में गुरुवार को बेन डकेट, ओली पोप और हैरी ब्रूक को आउट कर स्टार्क ने अकरम को पीछे छोड़ दिया। ब्रूक टेस्ट क्रिकेट में स्टार्क का 415वां शिकार बने। अकरम को पीछे छोड़ने के बाद स्टार्क टेस्ट इतिहास के 16वें सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। गाबा टेस्ट स्टार्क के करियर का 102वां टेस्ट है। टेस्ट क्रिकेट में 400 या उससे अधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क और अकरम ही हैं। अन्य प्रमुख बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों में श्रीलंका के चामिंडा वास और न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट हैं। वास ने 111 टेस्ट में 355 और बोल्ट ने 78 टेस्ट में 317 विकेट लिए हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। मुरलीधरन ने 133 टेस्ट में 800 विकेट लिए हैं। दूसरे स्थान पर शेन वॉर्न हैं जिनके नाम 145 टेस्ट में 708 विकेट हैं। इंग्लैंड के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन तीसरे नंबर पर हैं। एंडरसन ने 188 टेस्ट में 704 विकेट लिए हैं। भारत के अनिल कुंबले 132 टेस्ट में 619 विकेट लेकर चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड 167 टेस्ट में 604 विकेट लेकर पांचवें स्थान पर हैं।




# हार्दिक पांड्या के फैन पावर का असर, बदलना पड़ा बड़ौदा-गुजरात मैच का आयोजन स्थल

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का नाम देश के सर्वाधिक लोकप्रिय क्रिकेटरों में शुमार है। हार्दिक की लोकप्रियता इतनी है कि फैंस पर नियंत्रण के लिए बड़ौदा और गुजरात के बीच होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच का आयोजन स्थल बदलना पड़ा। हार्दिक पांड्या सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा की तरफ से खेल रहे हैं। हार्दिक से मिलने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए फैंस सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए मैच के बीच ग्राउंड में प्रवेश कर जा रहे हैं। इस सीजन में हुई ऐसी घटनाओं की वीडियो सोशल मीडिया पर तैर रही है। हार्दिक के लिए फैंस की बेताबी सुरक्षाकर्मियों के लिए मुसीबत बन गई है। ऐसे में बड़ौदा और गुजरात के बीच होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के अगले मैच का आयोजन स्थल बदल दिया गया। पहले यह मैच जिमखाना ग्राउंड में होना था, लेकिन अब उसे राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया गया। इस स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल के मैच होते रहे हैं। इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता ज्यादा है और सुरक्षा तंत्र भी मजबूत है।

आयोजन समीति के एक अधिकारी के मुताबिक, ÷हार्दिक पांड्या के लिए जोश जबरदस्त है। फैंस की भीड़, पूछताछ और भीड़ की आवाजाही हमारे अंदाजे से कहीं ज्यादा थी। टीम होटल, प्रैक्टिस नेट और टिकट काउंटर के पास फैंस की बहुत ज़्यादा भीड़ देखी गई। इतनी भीड़ आमतौर पर घरेलू मैचों में नहीं देखी जाती है। इसलिए सुरक्षा और मैच को आसानी से आयोजित करने के लिए राजीव गांधी स्टेडियम में शिफ्ट करने का फैसला किया गया। बता दें कि पंजाब और बड़ौदा के बीच हुए मैच में फैंस हार्दिक से मिलने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए कई बार स्टेडियम में घुस गए। इस वजह से मैच रोकना पड़ा।

गुजरात के खिलाफ गुरुवार को हुए मैच में बड़ौदा ने 8 विकेट से जीत हासिल की। गुजरात को महज 70 रन पर रोकने के बाद बड़ौदा ने विजयी लक्ष्य 6.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। जीत के साथ बड़ौदा ग्रुप सी में पहले स्थान पर चली गई।



# सुनील नरेन के T 20 क्रिकेट में 600 विकेट पूरे

## ये उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिनर सुनील नरेन ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अबू धाबी नाइट राइडर्स की ओर से खेले गए ILT 20 मुकाबले में उन्होंने T20 क्रिकेट में अपने 600 विकेट पूरे कर लिए, जिससे वह इस माइलस्टोन तक पहुंचने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज़ बन गए हैं। नरेन की यह उपलब्धि न केवल उनकी लगातार प्रदर्शन क्षमता को दर्शाती है, बल्कि उन्हें आधुनिक T20 क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली स्पिनरों में भी firml4 स्थापित करती है। इस मैच में उनका नियंत्रित स्पेल उनकी क्लास और अनुभव का एक और उदाहरण रहा।

**सुनील नरेन का 600 विकेट का गौरवपूर्ण क्षण** – शारजाह वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए इंटरनेशनल लीग T20 के मुकाबले में सुनील नरेन ने अपने 600वें T20 विकेट की उपलब्धि हासिल की। उन्होंने चार ओवर में किफायती गेंदबाजी करते हुए 1/22 के आंकड़े के साथ टॉम एबेल को आउट किया। यह विकेट उन्हें ञ20 इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों की एलीट लिस्ट में तीसरे स्थान पर ले आया। नरेन की खास बात सिर्फ विकेट लेने की क्षमता नहीं, बल्कि किसी भी परिस्थिति में रन रोकने की कला रही है।

**केवल दो गेंदबाज नरेन से आगे** – ञ20 क्रिकेट में सुनील नरेन से अधिक विकेट सिर्फ दो खिलाड़ियों के नाम हैं-

राशिद खान (681 विकेट) अफगानिस्तान के स्पिन जादूगर, जो सबसे तेज T20 विकेट लेने के लिए मशहूर हैं।

ड्वेन ब्रावो (631 विकेट) वेस्टइंडीज़ के महान ऑलराउंडर, डेथ ओवर स्पेशलिस्ट और ञ20 लीगों में सबसे अनुभवी गेंदबाजों में से एक।

अब नरेन 568 T20 मैचों में 22.09 की औसत और 6.16 की बेहतरीन इकॉनमी के साथ 600 विकेट हासिल कर चुके हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 5/19 का है।

**अबू धाबी नाइट राइडर्स की धमाकेदार बल्लेबाजी-** इस मुकाबले में अबू धाबी नाइट राइडर्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 233/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

लियाम लिविंगस्टोन ने 38 गेंदों में 82* रन ठोंके, जिसमें 8 छक्के शामिल थे।

शेरफेन रदरफोर्ड ने 27 गेंदों में 45 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

शारजाह वॉरियर्स की ओर से आदिल राशिद 2/31 लेकर सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे।

**शारजाह वॉरियर्स का संघर्ष और हार-** लक्ष्य का पीछा करते हुए शारजाह वॉरियर्स ने कई बार पलटवार करने की कोशिश की।



# जल संचयन अभियान के तहत जन अभियान परिषद की टीम कर रही जन जागरण

## बोरी बंधान कर ग्रामीणों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे जल संचयन अभियान के अंतर्गत मैहर जिले के अमरपाटन विकासखंड के ग्राम पंचायत मौहट में नवांकुर समिति ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मौहट के संयोजन में जल संचयन अभियान के अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ राजेश तिवारी, विकासखंड समन्वयक ममता सिंह, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष अनूप सिंह सहित समाज के विभिन्न ग्रामीण जन एवं छात्र उपस्थित रहे।





जल चौपाल और बोरी बंधान कार्यक्रम ग्राम मौहट में जल संचयन अभियान का अभियान जारी है। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के माध्यम से जल संचयन एवं संरक्षण की है प्रेरणा गांव-गांव तक पहुंचे और सभी ग्रामवासी अपने ग्राम विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाते हुए गांव के प्रत्येक जल स्त्रोत को संरक्षित करें और उन स्त्रोतों की सुरक्षा के साथ उन में अधिक से अधिक जल का स्तर कैसे बढ़ सके, इसकी चिंता भी करें। चौपाल के उपरांत सभी उपस्थित समाजसेवियों, परामर्शदाताओं, प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में बोरी बंधान में श्रमदान किया गया। ग्राम मौहट में सभी के 2 घंटे के परिश्रम उपरांत 500 बोरी का बोरी बंधान बनाया जा सका। जिसमें देखते ही देखते 500 मीटर से अधिक दूरी तक बैकवाटर एकत्रित हो गया, जिसे देखकर सभी उपस्थित ग्रामीण जनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी द्वारा जल संरक्षण की शपथ ली गई।

### हार्डवेयर पेंट्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

## जनवरी में ध्वजारोहण, पारिवारिक मिलन एवं सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** हार्डवेयर पेंट्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को रीवा रोड स्थित ओम प्लाजा में संस्थाध्यक्ष घनश्यामदास अच्छड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संरक्षक श्री रूपचंद सचदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगठन की भावी योजनाओं और गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति बनी।



महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जनवरी माह में एसोसिएशन द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ भव्य पारिवारिक मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन तिघरा मोड़ स्थित दयोदया गौशाला, सतना नदी के समीप आयोजित किया जाएगा, जिसमें सदस्यों और उनके परिवारों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे। एसोसिएशन का उद्देश्य आपसी समन्वय, सौहार्द और संगठनात्मक मजबूती को नए आयाम देना है।

बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक श्री रूपचंद सचदेव, अध्यक्ष घनश्यामदास अच्छड़ा, महामंत्री विनोद गेलानी, कोषाध्यक्ष सनी सिरवानी, प्रदीप अग्रवाल, राकेश चांदवानी, विशाल गेलानी, विनोद मंघनानी, रॉकी चांदवानी, दिनेश अग्रवाल, नवनीत सिंह, बलराम अच्छड़ा, चिरायु घोघवानी, रामचंद्र अच्छड़ा, विक्की गेलानी, राजा माधवानी, गुप्ता सहित कई सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सदस्यों ने संगठन विस्तार, सामाजिक दायित्व और आगामी वर्ष की योजनाओं पर भी विचार रखा। सभी सदस्यों ने प्रस्तावित पारिवारिक मिलन कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का संकल्प लिया।

## नाली कवर का घटिया कार्य होने पर सतना महापौर नाराज

### ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी; बोले- काम नए सिरे से होगा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने शुक्रवार को वार्ड 5 में 12 लाख की लागत से बन रहे नाली कवर का निरीक्षण किया। झंकार टॉकिज से बर्दाडीह चौराहे तक निर्माणाधीन इस कार्य में उन्हें गड़बड़ी और गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन मिला। महापौर ने मौके पर ही संबंधित नाली कवर को तोड़कर नए सिरे से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए।



महापौर ने बताया कि नगर निगम ने ठेका कंपनी आयुषी बिल्डर्स को काम की कमजोर गुणवत्ता को लेकर पहले भी दो बार नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद ठेकेदार ने सुधार नहीं किया, जिसे महापौर ने गंभीर लापरवाही माना।

**ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने दी चेतावनी:** इस लापरवाही पर महापौर ताम्रकार ने कार्यपालन यंत्री आरपी सिंह और सब इंजीनियर सुलभ पाठक को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदार से पूरा काम नए सिरे से दोबारा करवाया जाए, अन्यथा ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी और पार्षद के.के. तिवारी भी उपस्थित रहे। महापौर ने कार्य की प्रगति और तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ रामनगर और अमरपाटन में आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना लोकसभा क्षेत्र के मैहर जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 6 दिसंबर को प्रातः 11 बजे आजाद खेल मैदान रामनगर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल होंगे तथा अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में जिलाध्यक्ष मैहर कमलेश सुहाने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता पंकज सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य पूजा आशुतोष गुप्ता एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रियंका पटेल कार्यक्रम में शामिल होंगी।

इसी प्रकार 6 दिसम्बर को ही दोपहर 2 बजे थाना खेल परिसर अमरपाटन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में जिलाध्यक्ष मैहर कमलेश सुहाने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता पंकज सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य हरीशकांत त्रिपाठी, तारा विजय पटेल एवं जनपद उपाध्यक्ष मनोज पटेल कार्यक्रम में शामिल होंगे। सांसद गणेश सिंह ने युवा ऊर्जा, प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के इस खेल महोत्सव में सतना लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों से खेल महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर संदेश का प्रसारण आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2025 हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश में 7 दिसम्बर को असीम गौरव के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेश के सैनिकों, शहीदों के परिजनों, पूर्व एवं सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हमारे सैनिकों के प्रति एकता और समर्थन का प्रतीक है।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से. नि.) ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2025 के अवसर पर संचालक सैनिक कल्याण म.प्र. ब्रिगेडियर अरूण नायर सेना मेडल (से.नि.) का संदेश दूरदर्शन भोपाल द्वारा डीडीएमपी चैनल पर 6 दिसम्बर को प्रातः 11.52 बजे प्रसारित किया जायेगा।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु अपीलीय अधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा राजस्व अधिकारियों को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर राहुल सिलाडिया जनपद पंचायत रामपुर बघेलान एवं सोहावल अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों की अपील न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (शहर) सतना में सुनेंगे। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर लच्छराम जांगडे जनपद पंचायत मझगवां, नागौद एवं उचेहरा अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायत की अपील न्याायालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (ग्रामीण) सतना में सुनेंगे।

## आज भाजपा कार्यालय सतना में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** इस अवसर पर भाजपा संगठन द्वारा उक्त संदर्भ में निर्धारित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई। शुद्ध मतदाता सूची पारदर्शी निर्वाचन की आधारशिला है, और पारदर्शी निर्वाचन ही लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाता है।

बैठक में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे, पूर्व महापौर राजाराम त्रिपाठी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र त्रिपाठी, पूर्व महापौर विमला पांडे एवं ममता पांडे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय तिवारी एवं बालेंद्र गौतम, जिला मंत्री कृष्ण द्विवेदी एवं शुभम तिवारी तथा एसआईआर प्रभारी देवेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक 13 दिसम्बर को

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री अभय मनोहर सप्रेजी 13 दिसम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री अभय मनोहर सप्रेजी की अध्यक्षता में 13 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुप्रीम कोर्ट रेड सेफ्टी कमेटी की बैठक आयोजित की जायेगी। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने क्षेत्र से संबंधित ब्लैक स्पाट एवं रोड सेफ्टी की जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सतना जिले को जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम में शामिल किया गया है। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन पर्यवेक्षण एवं डीडीएचआई आधारित तकनीकी कार्ययोजना के समुचित क्रियान्वयन के उद्देश्य से कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा अपर कलेक्टर सतना को नोडल अधिकारी तथा डीएसपी यातायात को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नियुक्त किये गये अधिकारी जिला सडक सुरक्षा समिति के माध्यम से डीडीएचआई आधारित तकनीकी नीतियों के सुसंगत एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगे।

नोडल अधिकारी के दायित्वों में आईआरएडी एवं ई-डीएआर पुलिस सहित उपलब्ध सभी स्त्रोतों से दुर्घटना संबंधी डेटा का संकलन विश्लेषण एवं दुर्घटना बाहुल्य स्थल की पहचान करते हुए उनके भौतिक परीक्षण सत्यापन की व्यवस्था करना, पुलिस लोक निर्माण विभाग एनएचएआई, एमपीआरडीसी ट्रैफिक एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ अंतरविभागीय समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुधारात्मक उपायों की कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वित कराना, आईआईटी मद्रास के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फार रोड सेफ्टी द्वारा प्रदत्त डीडीएचआई तकनीकी सहयोग के लिए आवश्यक समस्त सूचनायें नियमित रूप से प्रेषित करेंगे।

कार्यक्रम के तहत आयोजित की जाने वाली वर्चुअल अलायमेंट मीटिंग समीक्षा बैठकें तथा इम्पैक्ट एसाईमेंट रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को प्रस्तुत करना तथा कार्यक्रम से संबंधित सभी अभिलेखों का संधारण तथा प्रगति की साप्ताहिक रिपोर्ट कलेक्ट्रेट में प्रस्तुत करना शामिल है। नोडल अधिकारी जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम में सम्मिलित अन्य बिन्दुओं का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करेंगे।

## दो भाइयों ने टेंट हाउस कर्मचारी को पीटा, शराब के लिए पैसे न देने पर की गाली-गलौज; पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** शराब के लिए पैसे न देने पर टेंट हाउस के एक कर्मचारी के साथ मारपीट हुई। दरअसल, दो भाइयों ने मिलकर कर्मचारी को पीटा। पुलिस ने शिकायत के बाद शुक्रवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**शुभारंभ गार्डन में टेंट का काम करता है पीड़ित:** फरियादी छविलाल दाहिया (36 साल), निवासी ग्राम मऊ सिद्धबाबा ने पुलिस को बताया कि वह शुभारंभ गार्डन में टेंट का काम करता है। 4 दिसंबर 2025 की रात करीब 10:20 बजे, वह शुभारंभ गार्डन से गद्दे लेकर गगन पांडे के घर देने गया था।

**आरोपियों ने कर्मचारी से मांगे 500 रुपए:** इसी दौरान सिंधी कॉलोनी निवासी विजय सावलानी उर्फ गोरा वहां पहुंचा और छविलाल से गाली-गलौज करने लगा। उसने शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग की। जब छविलाल ने पैसे न होने की बात कही, तो विजय ने उस पर डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में छविलाल के सिर के बांई ओर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

**पीड़ित से गाली-गलौज कर दी जान से मारने की धमकी:** हमले के दौरान विजय का बड़ा भाई अजय सावलानी उर्फ अज्जू भी मौके पर आ गया। उसने अपने भाई का पक्ष लेते हुए छविलाल को अभद्र गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।

गगन पाण्डेय और कपिल पांडेय ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को अलग किया। जाते-जाते आरोपियों ने छविलाल को दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी दी।

**पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार:** फरियादी की रिपोर्ट पर मैहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों, विजय सावलानी और अजय सावलानी को गिरफ्तार कर लिया। उचित कानूनी प्रक्रिया के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पर राजरानी सेवा संस्थान के बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

### जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई स्पर्धाओं में पहला स्थान, अधिकारियों ने की सराहना

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस (1-3 दिसंबर 2025) के अवसर पर शासकीय श्रवण एवं मूक-बधिर विद्यालय, तोपखाना बिछिया में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजरानी सेवा एवं शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान, छत्रपति नगर, रीवा के दिव्यांग बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। राष्ट्रीय न्यास एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से पंजीकृत इस संस्थान के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रियता और आत्मविश्वास का सुंदर परिचय दिया।





कार्यक्रम में श्रवण एवं मूक-बधिर, अस्थि-बाधित, मानसिक रूप से अक्षम सहित विभिन्न दिव्यांगता श्रेणियों के बच्चों के लिए 100 मीटर दौड़, माला फेंक, क्रिकेट, 50 मीटर व्हीलचेयर/कुर्सी दौड़, बैसाखी दौड़, ट्राईसाइकिल दौड़, शतरंज एवं गेंद थ्रो जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

इनमें राजरानी सेवा संस्थान के प्रतिभावान बच्चों—अंशुमन भुजवा, रितेश सिंह बघेल, मेहरीन खान और मानवी शिकवा—ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और संस्था का गौरव बढ़ाया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष नीता कल, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, संभागायुक्त बी.एस. जामोद, सामाजिक न्याय विभाग के प्रमुख अनिल दुबे, प्रज्ञा भारती तिवारी, शासकीय मानसिक मंद विद्यालय के प्रमुख डी.के. वर्मा, मूक-बधिर विद्यालय के प्राचार्य श्री यू.पी. मिश्रा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

राजरानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव संजय सिंह एवं सह-संचालिका दीप्ति सिंह परिहार ने बच्चों के उत्साहवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विशेष शिक्षिकाएँ—नीता रजक, उषा सिंह, साधना पांडे, पूनम मिश्रा, रंजना सिंह, निर्मला सिंह, तरन्नुम निशा एवं राजेश सिंह—सहित सभी कर्मचारियों और बड़ी संख्या में आए अभिभावकों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से अधिकारियों एवं जनसमूह का दिल जीत लिया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।